52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 07.8 °c | अधिकतम 22.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:04 सूर्यास्त-5:21 | वर्ष : 52/ अंक : 343 | बृहस्पतिवार, 12 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

गधों को सफलता मिलने का मतलब ये नहीं कि वो टैलेंटेड हैं, हो सकता है कोई घोड़ा रेस में दौड़ा न हो।

धनखड़ खुद को आरएसएस का एकलव्य बताते हैं,सरकार की तारीफ करते हैं : खड़गे

अविश्वास प्रस्ताव से भी कुछ नहीं बदलेगा.....

भाजू कट के धरने पर किसान की मौत, शव देखकर भड़की भाकियू

शामली, 11 दिसंबर (बु.)। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे पर भाजू के पास कट की मांग को लेकर तीन माह से चल रहे धरने पर मंगलवार रात किसान धीरेंद्र बालियान की मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। वे शव को धरना स्थल पर ले गए और हंगामा शुरू कर दिया। एक घंटे चले हंगामे के बाद एसडीएम सदर ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद शव का गांव में ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया। बाबरी क्षेत्र में सात सितंबर से गांव भाजू के पास दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे पर कट की मांग को लेकर किसानों का बेमियादी धरना चल रहा है। किसान दिनरात धरने पर जमे हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक कट नहीं मिलेगा, तब तक धरना जारी रहेगा। मंगलवार रात भाजू निवासी किसान धीरेंद्र बालियान (45) ट्रैक्टर लेकर धरना स्थल पर पहुंचे। वहां पर उन्होंने रात करीब नौ बजे खाना खाया। किसान शिवराष्ट्र ने बताया कि धीरेंद्र के सीने में तेज दर्द हुआ और सांस लेने में परेशानी हुई। इसके बाद उसे शामली के निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद किसान शव को लेकर रात में ही धरना स्थल आ गए। किसान की मौत की सूचना भाकियू नेताओं को दी गई। बुधवार सुबह बाबरी पुलिस ने धरनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दोपहर करीब एक बजे पोस्टमार्टम के बाद किसान व परिजन शव को

किसानों ने हंगामा करते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग

धरना स्थल पर ले गए। हंगामा करते हुए कहा कि किसान तीन माह से धरने पर बैठे हैं, लेकिन उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कड़ाके की ठंड के बाद भी प्रशासन की तरफ से धरना स्थल पर अलाव तक की व्यवस्था नहीं की गई है। किसानों ने हंगामा करते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग की। हंगामे की सूचना पर एसडीएम सदर हामिद हुसैन मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। एसडीएम ने पीड़ित परिवार को किसान दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाने, मृतक की बेटी की शादी में आर्थिक मदद दिलाने समेत हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। किसानों ने बताया कि भाजू कट की मांग को लेकर जब से धरना शुरू हुआ है, तब से धीरेंद्र बालियान रोजाना रात में धरने पर आते थे और वहीं पर सोते थे। वे ज्यादातर अपने ट्रैक्टर से आते थे। दिन में भी अकसर धरने पर आते रहते थे। मृतक के पुत्र की पहले मौत हो चुकी है। उनकी पत्नी व 21 वर्षीय पुत्री है। किसानों ने बताया कि मृत किसान अपनी बेटी की शादी करने की तैयारी कर रहा था।

दिल्ली में बांग्लादेशियों की धरपकड़ को चला अभियान

नई दिल्ली, 11 दिसंबर (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना निर्देश के बाद दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने बुधवार को कालिंदी कुंज थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की तलाश की। पुलिस को कई संदिग्ध भी मिले हैं। इनकी रिपोर्ट तैयार कर जल्द एफआरआरओ को साझा की जा रही है। उपराज्यपाल ने देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से वापस भेजने के निर्देश दिए थे। इसके तहत दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस की कई टीम ने कालिंदी कुंज स्थित 100 फुटा रोड पर सत्यापन अभियान चलाया। इसके तहत यहां रहने वाले करीब 150 महिला, पुरुष व बच्चों के पहचान संबंधी दस्तावेजों की वेरिफिकेशन की गई। इस दौरान पुलिस को कुछ संदिग्ध भी मिले। उन्होंने खुद को आसाम का बताया, लेकिन पहचान संबंधी दस्तावेज पेश नहीं कर सके। पुलिस ने इनके बारे में सारी जानकारी रिकार्ड में लेकर पता कर रही है।

शाहनवाज व सद्दाम की जमानत पर नहीं हुई सुनवाई

▶ अब लगी 16 दिसम्बर की तारीख

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बु.)। जैसा कि लगातार जाहिर होने लगा है कि कादिर राणा परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। तारीख पर तारीख लगाई जा रही हैं, मगर पूर्व विधायक शाहनवाज व सद्दाम राणा को जमानत नहीं मिल पा रही है। आपको बता दें कि 5 दिसम्बर को वहलना चौक स्थित कादिर राणा की राणा स्टील पर जीएसटी टीम ने छापामारी की थी, जिसमें जोश में आकर कर्मचारियों ने जीएसटी टीम पर हमला करते हुए उनकी गाड़ी तोड़ दी थी, बाद में जीएसटी की महिला अधिकारी श्रेया गुप्ता ने अपने बयान दर्ज कराते हुए विभिन्न धाराओं में उन पर मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में बुधवार को भी पूर्व विधायक शाहनवाज राणा व सद्दाम राणा को किसी प्रकार की कोई राहत नहीं मिल पाई। बुधवार को जमानत पर एमपी एमएलए के पीठासीन अधिकारी गोपाल उपाध्याय की कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन जानलेवा हमले की धारा में सुनवाई के लिए 16 दिसम्बर की तिथि पहले से ही नियत है। इसी वजह से कोर्ट में जमानत पर कोई सुनवाई नहीं की गयी। सभी मामलों में सुनवाई के लिए 16 दिसम्बर की तिथि नियत की गयी है। वहीं वर्ष 2017 में दर्ज आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में भी बुधवार को पुलिस सुरक्षा के बीच पूर्व विधायक शाहनवाज राणा एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुए। एक साथ सभी आरोपियों के पेश न होने के कारण धारा-313 के तहत यहां भी इनके बयान दर्ज नहीं हो सके। आपको यह भी बता दें कि इसी मामले में पुलिस ने पूर्व मंत्री दीपक कुमार, उमा किरण, जाकिर राणा, मनोज सैनी, साक्ष्य वर्मा, सलमान जैदी व अन्य के खिलाफ भी आचार संहिता उल्लंघन के मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी।

पूर्व सांसद कादिर राणा के बेटे को बी वारंट पर लाएगी पुलिस

मुजफ्फरनगर। पूर्व सांसद कादिर राणा के बेटे शाह मौहम्मद राणा को जीएसटी टीम ने गिरफ्तार कर मेरठ कोर्ट में पेश किया था। अब थाना सिविल लाइन पुलिस भी जीएसटी टीम पर हमले के मामले में पुलिस विवेचना में उसका नाम शामिल कर रही है। मंगलवार को थाना सिविल लाइन पुलिस ने मेरठ कोर्ट में उपस्थित होकर शाह मौहम्मद राणा के बी वारंट के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें कोर्ट ने पुलिस को उसे बी वारंट पर लाने की अनुमति दे दी है। अब 13 दिसम्बर दिन शुक्रवार को पुलिस बी वारंट पर शाह मौहम्मद राणा को मेरठ से लेकर आएगी, उसके खिलाफ थाना सिविल लाइन पुलिस अपने मुकदमे में वारंटी लेगी।

आप दिल्ली विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी: केजरीवाल

नयी दिल्ली, 11 दिसंबर (वार्ता) आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावना पर पूर्ण विराम लगाते हुए बुधवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक मीडिया आउटलेट को जवाब देते हुए ट्वीट किया, ''आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपने दम पर यह चुनाव लड़ेगी।'' श्री केजरीवाल ने कहा,'' कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन की कोई संभावना नहीं है।''

नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र में बदमाशों का तांडव, लाठी-डंडों से की मारपीट

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बु.)। बुधवार की शाम उस समय नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के कूकड़ा में अफरा-तफरी मच गयी, जब मुंह पर कपड़ा ढके, हाथों में लाठी-डंडे लिये बाइक पर सवार बदमाशों ने एक युवक से मारपीट शुरू कर दी। मगर क्षेत्र के लोगों के सहयोग से एक युवक सचिन प्रजापति ने हौसला दिखाते हुए बदमाशों की बाइक को वहीं थाम लिया। अपने आपको घिरता देख बदमाशों ने तमंचे लहरा दिये और उक्त युवक की पिटाई करना शुरू कर दिया और पिस्टल दिखाते हुए हवा में तमंचे लहराते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस को इस मामले की सूचना तब मिली जब सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हुआ, इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी। सचिन के हौसले की क्षेत्र के लोगों ने तारीफ की मगर पुलिस को इस बात के लिए आगाह किया कि हर हाल में उक्त बदमाश सचिन प्रजापति को फिर से निशाना बनाएंगे और उस पर हमला करेंगे। ऐसे में सचिन की सुरक्षा की व्यवस्था की जाए तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जाए। पुलिस ने फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एडवरटाइजिंग बोर्ड से टकराकर युवक की मौत

शाहपुर, 11 दिसम्बर (बु.)। कस्बे की गुड़ मंडी के पास एक कार एडवरटाइजिंग बोर्ड से टकराने से कार सवार एक युवक की मौत हो गई। बागपत जनपद के रमाला निवासी 30 वर्षीय अंकुर अपने साथी के साथ कार में सवार होकर रमाला वापस जा रहा था। अंकुर कार में आगे की सीट पर चालक के पास बैठा हुआ था। कार जब कस्बे की गुड़ मंडी के पास पहुंची, तो कार वहां लगे एक एडवरटाइजिंग बोर्ड से टकरा गई, जिसमें अंकुर गंभीर रूप से घायल हो गया और कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि सूचना पर परिजन कस्बे में पहुंचे और उन्होंने कोई भी कार्यवाही करने से इन्कार कर दिया।

किसान को बातों में उलझाकर 8.5 लाख उड़ाए

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बु.)। तितावी निवासी सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वह मिल गेट स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम पर अपना बैलेंस जांचने के उद्देश्य से गया था। जिस समय वह एटीएम से बैंक स्टेटमेंट निकाल रहा था तो एक युवक ने उसे बातों में उलझा लिया तथा उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। आरोपी ने कई बार एटीएम का प्रयोग करके उसके खाते से 8.5 लाख रुपये निकाल लिये। 6 दिसम्बर की सुबह सुबोध कुमार के फोन पर पहले 25 हजार रुपये इसके बाद 15 हजार तथा इसके बाद 10 हजार रुपये निकाले गए। उसने मशीन में लगाकर एटीएम चेक किया तो वह चला ही नहीं, इस पर उसने कस्टमर केयर अधिकारी से बात की, तो उन्होंने बताया कि इस एटीएम में इतने ही पैसे थे, आपका एटीएम किसी से बदला गया है। किसान सुबोध ने हाथोंहाथ इसकी जानकारी तितावी पुलिस को दी तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर्य समाज संस्था के पदाधिकारियों पर थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बु.)। हाईकोर्ट के आदेश पर गठित हुई जांच समिति के आधार पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शादी का प्रमाण पत्र जारी करने वाली आर्य समाज संस्था के कई पदाधिकारियों पर थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी। थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह की ओर से मामला दर्ज कराते हुए बताया गया कि मानसी एवं अन्य बनाम स्टेट ऑफ यूपी व अन्य तीन प्रकरणों में 17 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह को निर्देश दिये थे कि उक्त प्रकरण में एक विधिवत जांच कमैटी गठित कर ट्रस्ट व सोसायटी तथा संस्थाओं के खिलाफ कार्यवाही की जाए जो शादी के फर्जी प्रमाण पत्र जारी कर रही है। एसएसपी ने थाना सिविल लाइन प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन व एसपी सिटी की एक जांच कमैटी गठित की थी। कमैटी द्वारा 9 दिसम्बर को आख्या रिपोर्ट दे दी गयी, जिसमें वैदिक भारत फाउण्डेशन तेजलहेड़ा के संस्थापक सोरण सिंह, आर्य समाज आदर्श कॉलोनी नई मण्डी अध्यक्ष बलजीत सिंह सैनी व अमित त्यागी तथा आर्य समाज शहर संस्था के पदाधिकारी मुकेश आर्य निवासी थाना चरथावल गांव दूधली तथा खतौली के सचिव सतीश कुमार निवासी मढ़करीमपुर व अन्य संस्थाओं के पुरोहितों द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए वर-वधू के आवश्यक दस्तावेजों के बिना सत्यापन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शादी के प्रमाण पत्र जारी किये गए हैं व किये जा रहे हैं, जोकि अपराध की श्रेणी में आता है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

2 ट्रकों के बीच भिड़ंत, एक ट्रक के उड़े परखच्चे, 2 घायल

चरथावल, 11 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के ग्राम नगला राई में हिंडन नदी के निकट दिन निकलने से पहले ही दो ट्रकों की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी चरथावल में भर्ती कराया, जहाँ से एक घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर किया गया।

चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम नंगला राई में गन्ना क्रय केंद्र के सामने चरथावल-थानाभवन मार्ग पर प्रातः पाँच बजे दो ट्रकों के बीच आमने सामने की जबदस्त भिड़ंत हो गयी। भिड़ंत के उपरांत एक रोड़ी से भरा ट्रक पलट गया, जबकि दूसरे ट्रक के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी चरथावल जसवीर सिंह व हिंडन चौकी इंचार्ज संदीप कुमार मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल में भर्ती कराया, जहाँ से गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि दूसरे ट्रक चालक को हल्की चोट आने के कारण सीएचसी चरथावल में ही भर्ती कराया। वहीं हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने वाहनों को हटवाकर जाम को खुलवाया और वाहनों का संचालन शुरू कराया।

चरथावल में हुई ट्रकों की भिड़ंत में क्षतिग्रस्त ट्रक

बाइक सवार दो लोगों को मारी अज्ञात वाहन ने टक्कर : एक की मौत, दूसरा गंभीर

खतौली, 11 दिसंबर (बु.)। मीरापुर रोड पर स्थित राजेश फार्म हाउस के सामने सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार फार्म हाउस में एक पर बाइक सवार होकर शादी समारोह में आये संदीप शर्मा व मनीष शर्मा निवासी सिकरी कला, थाना मोदीनगर को किसी अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। बाइक पर सवार दोनों युवक सड़क पर गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। लहूलुहान अवस्था में पुलिस ने दोनों को खतौली सीएचसी में भर्ती कराया। वहां संदीप शर्मा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दूसरे व्यक्ति मनीष शर्मा को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

कबाड़ी की दुकान में लगी भयंकर आग

खतौली, 11 दिसम्बर (बु.)। बुढ़ाना रोड पर कबाड़ी के गोदाम में अचानक अज्ञात कारणों से लगी भयंकर आग से आस पड़ौस के दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। नागरिकों ने आपसी सहयोग से पानी व बालू डालकर आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना रोड स्थित नसीम कबाड़ी के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। गोदाम में लगी आग ने कुछ ही समय में इतना विकराल रूप ले लिया कि आस पड़ौस की दुकानें भी आग की चपेट में आ गयी। गोदाम में लगी आग के बढ़ते दायरे को भांपते हुए आस- पड़ौस के लोगों ने पानी व बालू डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। नागरिकों के अथक प्रयास से घंटों बाद आग पर काबू किया गया। इसके बाद दुकानदारों ने राहत की सांस ली, लेकिन गोदाम में लगी भयानक आग में कबाड़ी नसीम का अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया।

5 ट्यूबवेलों पर हुई चोरी, किसान हुए भयभीत

- बीते माह भी हुई थी लाखों रुपये की मूंगफली चोरी

बुढ़ाना, 11 दिसम्बर (बु.)। कोतवाली क्षेत्र के गांव सठेड़ी में अज्ञात चोरों ने एक ही रात मे 05 ट्यूबवेलों पर नकब लगाकर डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर किसानों में भय पैदा कर दिया। इनमें से एक किसान के यहां 6 माह में यह तीसरी चोरी है। इसके अलावा अज्ञात चोरों ने पिछले महीने ही डेढ़ लाख रुपये की कीमत की मूंगफली भी चोरी की थी, उसका भी अभी तक कोई भी खुलासा नहीं हो पाया। बीते 18 नवम्बर को चोरों ने गांव सठेड़ी के अमित प्रजापति की दुकान जो बायवाला चौकी के पास है, के ताले तोड़कर डेढ़ लाख रुपये की मूंगफली की बोरियां चोरी कर ली थी। इस घटना की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। चोर सीसीटीवी फुटेज में आए थे, जो संख्या में 4 थे। वे दुकान का ताला तोड़, टेंपू में मूंगफली की बोरियां भर रहे हैं। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज न होने पर चोरों के हौसले बढ़े और उन्होंने आज बुधवार को दिन निकलने से पूर्व ही अर्धरात्रि में गांव सठेड़ी निवासीगण अनिक त्यागी पुत्र रजनीश, राजीव त्यागी पुत्र बिरमा, अनुज त्यागी पुत्र शिवचरण व गांव विज्ञाना निवासीगण 2 अन्य किसानों की ट्यूबवेलों पर एक ही रात में नकब लगाकर व ताले तोड़कर ट्यूबवैल के कमरे में रखा स्टार्टर, कटआउट, विद्युत केबिल, स्प्रे मशीन व अन्य सामान चोरी कर लिया। किसान अनिक ने पुलिस को तहरीर दी और बताया कि उसकी ट्यूबवैल का चोरों ने ताला तोड़कर काफी नुकसान कर दिया। उसकी ट्यूबवैल से स्टार्टर, कटाउट व 100 मीटर केबिल चोरी हो गया। उसकी ट्यूबवैल पर 6 माह में चोरी की यह तीसरी घटना है।

डॉ. तनेजा सार्क देशों के उपाध्यक्ष मनोनीत

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बुस.)। सार्क देशों की 13वीं अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला जो 4 से 8 दिसंबर तक कराची पाकिस्तान के पांच सितारा होटल मूव एन पिक में आयोजित हुई में डॉ. एम.के. तनेजा को सार्क नाक-कान, गला विशेषज्ञों का उपाध्यक्ष मनोनीत किया। ज्ञात रहे डॉ. तनेजा को चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष रूप से कान की सर्जरी के लिए पूर्व में सार्क देशों का महासचिव तथा अखिल भारतीय नाक-कान, गला रोग विशेषज्ञ का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था। डॉ. तनेजा कराची में हुई कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर के रूप में कान की सर्जरी का प्रशिक्षण देने के लिए आमंत्रित किये गए थे। उनके द्वारा कान के छेद से बगैर निशान ऑपरेशन के लिए उन्हें विशेष रूप से जाना जाता है। डॉ. तनेजा ने बताया कि इस सर्जरी की विधि में समस्त ऑपरेशन कान के छेद से किया जा सकता है और सरल विधि होने के फलस्वरूप जूनियर डॉक्टर्स भी सफलतापूर्वक कर सकते है। डॉ. तनेजा ने 2 दिन तक कान की हड्डी पर 16 चिकित्सकों को सघन प्रशिक्षण भी दिया। डॉ. तनेजा ने भ्रामरी प्राणायाम तथा योग से लाभ की भी विस्तृत चर्चा की तथा बताया कि 50 वर्ष की आयु के बाद प्रत्येक नागरिक को श्रवण शक्ति की जाँच करवानी चाहिये। डॉ. तनेजा ने बताया कि जब आप को टी.वी. की आवाज साफ सुनाई न दे या आप भीड़ में सुनने में कठिनाई महसूस करने लगें, तभी उपचार करने से बहरेपन से बचा जा सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 65 वर्ष से ऊपर की आयु में 25 प्रतिशत तथा 75 वर्ष की आयु में 48 प्रतिशत को बहरापन होता है तथा 2050 तक 10 प्रतिशत आबादी को बहरापन हो सकता है। डॉ. तनेजा ने अपने व्याख्यान में वैज्ञानिक विश्लेषण कर बताया कि भ्रामरी प्राणायाम हस्तपाद आसान, वृक्षासन, उत्कट आसन, उन्मुक्त मुद्रा, आकाश मुद्रा कैसे लाभ पहुंचाती है, वहीं तम्बाकू का सेवन और मोबाइल फोन से बहरापन बढ़ता है। उपरोक्त कार्यशाला में भारत-पाकिस्तान के अतिरिक्त अमेरिका, यूरोप, अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, ईरान से 683 चिकित्सकों ने 131 लैक्चर तथा 4 दिन की सघन कार्यशाला में भाग लिया। डॉ. तनेजा ने अपनी उपलब्धियों से जनपद मुजफ्फरनगर का नाम विश्व स्तर पर पहुँचाया है। डॉ. तनेजा अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा पत्रिका (जो मुजफ्फरनगर से गत 30 वर्षों से प्रकाशित होती है) के संपादक भी है।

जिला प्रशासन की नई पहल, तहसील आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

- तहसील आपके द्वार कार्यक्रम में ग्राम निरगाजनी, बेहड़ा-थू, बेलड़ा, धीराहेड़ी के ग्रामों की समस्याओं का मौके पर हुआ निस्तारण

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (सूवि.)। डीएम उमेश मिश्रा के कुशल निर्देशन में आज जिला प्रशासन द्वारा नई पहल करते हुए तहसील जानसठ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम निरगाजनी में तहसील आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नरेन्द्र बहादुर सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा किया गया। उप जिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार ने बताया कि आज तहसील आपके द्वार कार्यक्रम में ग्राम निरगाजनी, बेहड़ा-थू, बेलड़ा, धीराहेड़ी के ग्रामों की समस्याओं के निस्तारण हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में राजस्व, विकास, कृषि, समाज कल्याण, आपूर्ति से सम्बन्धित सक्षम अधिकारी व कर्मचारी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित उपस्थित रहे। कैम्प में सभी चारों ग्रामों के किसानों ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ प्रतिभाग किया तथा विभिन्न विभागों से सम्बन्धित अपनी समस्याओं को रखा। कैम्प में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा जमीनी स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं के बारे में किसानों एवं उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया गया। तहसील आपके द्वार कैम्प में राजस्व विभाग से सम्बन्धित अविवादित विरासत, खातेदारों के अंश दुरुस्ती, ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे आदि शिकायतें प्राप्त हुई अन्य विभाग यथा आपूर्ति, विकास, समाज कल्याण, कृषि से सम्बन्धित अधिकतर समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया गया। उप जिलाधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि तहसील आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत आज राशन कार्ड से सम्बन्धित कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके सापेक्ष 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा 04 अवशेष शिकायतों का निस्तारण जांचोपरान्त किया जायेगा। किसान सम्मान निधि योजना से सम्बन्धित कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया है। फार्मर रजिस्ट्री से सम्बन्धित 23 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही मौके पर ही कर दी गयी है। पेंशन से सम्बन्धित कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया एवं अवशेष 04 शिकायतों में डीबीटी होने के उपरान्त निस्तारण कर दिया जायेगा। शौचालय बनवाने से सम्बन्धित कुल 10 नये आवेदन प्राप्त हुये, जिनको जांचोपरान्त निस्तारण किया जायेगा। राजस्व विभाग से सम्बन्धित भूमि विवाद की कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 04 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा 03 अवशेष शिकायतें न्यायिक प्रक्रियाधीन होने के कारण निस्तारण नहीं हो सका तथा अविवादित विरासत से सम्बन्धित 03 आवेदन प्राप्त हुये, जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। इस अवसर पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

'अगले साल से सीधे एटीएम से निकाल सकेंगे अपने पीएफ का पैसा'

नई दिल्ली, 11 दिसंबर (एजेंसी)। श्रम मंत्रालय देश के विशाल कार्यबल को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने आईटी सिस्टम को अपग्रेड कर रहा है। अगले साल से ईपीएफओ ग्राहक सीधे एटीएम से अपने भविष्य निधि को निकाल सकेंगे। श्रम सचिव सुमिता डावरा ने मंगलवार को यह बात कही। श्रम सचिव ने कहा , "हम दावों का तेजी से निपटान कर रहे हैं और जीवन को आसान बनाने और प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए काम कर रहे हैं। एक दावेदार, लाभार्थी या बीमित व्यक्ति न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ एटीएम के माध्यम से अपने दावों तक आसानी से पहुंच सकेगा।" उन्होंने एएनआई को बताया, "सिस्टम विकसित हो रहे हैं और हर दो से तीन महीने में आपको महत्वपूर्ण सुधार दिखाई देंगे। मेरा मानना है कि जनवरी 2025 तक इसमें बड़ा सुधार होगा।" कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में सात करोड़ से अधिक सक्रिय योगदानकर्ता हैं। श्रम सचिव ने जीवन को आसान बनाने के लिए ईपीएफओ सेवाओं को बेहतर बनाने के सरकार के प्रयासों पर भी जोर दिया। गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभ देने की योजना के बारे में, डावरा ने कहा कि इस मामले में प्रगति हो रही है, लेकिन इसके लिए उन्होंने किसी समयसीमा के बारे में नहीं बताया। उन्होंने कहा, "बहुत काम किया गया है, और हमने एक योजना की रूपरेखा तैयार की है जो अब अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।" इन लाभों में चिकित्सा स्वास्थ्य कवरेज, भविष्य निधि और विकलांगता के मामलों में वित्तीय सहायता शामिल हो सकती है। गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण लाभ प्रदान करने के लिए एक रूपरेखा का प्रस्ताव करने के लिए विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधियों वाली एक समिति की स्थापना की गई है।

रेलवे 58,642 रिक्त पदों लोगों को देगा जॉब

नई दिल्ली, 11 दिसंबर (एजेंसी)। केंद्र सरकार को रेलवे में युवाओं को अधिक से अधिक अवसर देने के लिए भारतीय रेलवे प्रतिबद्ध है। बुधवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 58,642 रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। रेल मंत्री वैष्णव ने बात लोकसभा में रेल (संशोधन) विधेयक, 2024 पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कही। लोकसभा में रेल मंत्री ने कहा कि, कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय 4,11,000 लोगों को रेलवे में नौकरी मिली थी, जबकि मोदी सरकार में 5,02,000 युवाओं की भर्ती रेलवे में की गई है। रेलवे में 58,642 रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।

मां काली धाम पुरकाजी सात दिवसीय 16वें वार्षिक महोत्सव में हुई पूजा-अर्चना

पुरकाजी, 11 दिसम्बर (बु.)। बृहस्पतिवार को मां काली धाम पुरकाजी सात दिवसीय 16वें वार्षिक महोत्सव में मुख्य यजमान उमेश मलिक व पत्नी इंदू मलिक ने आज मां काली की आराधना व पूजन कराया। मां काली के अनन्य भक्त उमेश मलिक की आज शादी की सालगिरह भी माता काली के मंदिर में मनाई गई। मंदिर की अध्यक्ष रेखा अग्रवाल ने बताया 14 दिसंबर को माता का विशाल भंडारा 108 घंटे की यज्ञ की पूर्णाहुति में महामंडलेश्वर यतीश्वरानंद गिरी, हरिद्वार जूना अखाड़ा, महामंडलेश्वर नरसिंहानंद गिरी डासना मंदिर गाजियाबाद, अनिल कुमार केंद्रीय मंत्री, कपिल देव अग्रवाल, विजय शुक्ला व अन्य लोग मुख्य अतिथि के रूप में पूणार्हुति व माता की विशाल आरती करेंगे। 14 दिसंबर को 108 कन्या पूजन व वस्तु वितरण मुख्य यजमान द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम सीताराम त्रिपाठी कथा वाचक, ललिता प्रसाद राठौड़ी के सानिध्य में चल रहा है। अखिलेश मिश्रा कथा वाचक, अंकित शास्त्री, पंकज शर्मा, मंसाराम, सतीश शर्मा सभी विद्वान ब्राह्मणों से कार्यक्रम की पूर्णाहुति होगी।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1280-1215, चाकू 1280-1511, लड्डू 1400-1500, खुरपापाड़ 1290-1305, शक्कर मसाला 1480-1500, आमद-6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	79250	चांदी-	94100
सिक्का-	100050	गिन्नी-	59270

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 12 दिसम्बर, 2024

मेष- स्वास्थ्य सुधार पर, समस्या के संदर्भ में स्वयं का निर्णय हितकर, बकाए धन की प्राप्ति, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।

वृषभ- मानसिक अशांति, कार्यों के प्रति उदासीनता, पारस्परिक मतभेद, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, निराशा प्रभावी, मानसिक कष्ट, यात्रा असंतोषजनक।

मिथुन- शुभ भावनाओं का उदय, विशिष्टजनों से सम्पर्क, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, भोग-विलासिता की ओर रुचि, आय के नवीन स्रोत।

कर्क- समय संतोषजनक, साहसिक प्रयास प्रगति पर, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सफल।

सिंह- ग्रहस्थिति अनुकूल, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, परोपकार की भावना जागृत, घरेलू समस्याएँ सुलझने की ओर, वाहन से सुख, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय।

कन्या- कार्यों में अड़चनें, साझेदारी के व्यवसाय में हानि, विवाद की आशंका, व्यर्थ के भागदौड़ में समय नष्ट, दाम्पत्य जीवन में कटुता, आरोप-प्रत्यारोप से कष्ट।

तुला- बुद्धि-विवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, आर्थिक स्थिति में सुधार, सुसंदेश की प्राप्ति, यात्रा का प्रसंग, भौतिक सुख के साधन सुलभ, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक।

वृश्चिक- कठिनाइयों का निराकरण, धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सामाजिक गतिविधियों में रुझान, तनाव में कमी, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता।

धनु- शुभ भावनाओं का उदय, सामयिक कार्यों में अनुकूलता, इच्छित लाभ की प्राप्ति, नवयोजना की शुरूआत हेतु नूतन-पुरातन मित्रों से संयोग, परिवार में सुखशांति।

मकर- कार्य-व्यवसाय में असफलता, स्वास्थ्य में अड़चनें, समस्याओं से अशांति, आपसी सम्बन्धों में तनाव, वैवाहिक जीवन में मनमुटाव, द्रव्य की क्षति, व्यर्थ भ्रमण।

कुम्भ- ग्रहस्थिति अनुकूल, कठिनाइयों का निवारण, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, नवसमाचार की प्राप्ति, स्वविवेक का निर्णय लाभदायक।

मीन- कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, शुभ विचारों के उदय से आत्मिक शांति, संभावित यात्रा संतोषजनक, मनोरंजन की ओर रुचि, सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मंदिर के पुजारी के साथ दबंगों ने की मारपीट

- पुजारी पर भी लगा बच्चे को घायल करने का आरोप

बुढ़ाना, 11 दिसम्बर (बु.)। एक मंदिर के पुजारी के साथ किसी बात को लेकर दबंगों के द्वारा मारपीट करने की सूचना है। उधर एक घायल बच्चे के परिजनों ने भी पुजारी पर बच्चे के साथ अकारण मारपीट करने का आरोप लगाया है। अब पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर में स्थित शिव मंदिर के पुजारी धर्मदास भगत जी के साथ कुछ दबंग लोगों ने बीते मंगलवार की देर शाम किसी बात को लेकर मारपीट की। इस मारपीट में मंदिर के पुजारी धर्मदास भगतजी के घायल होने की खबर है। इस मामले में गांव के लोगों ने पुजारी और दबंगों का बीच बचाव करा दिया था। इस संबंध में पुजारी ने बुढ़ाना पुलिस को दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। उधर बुधवार के दिन मंदिर के पुजारी ने बताया कि उसने उमरपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने उसकी कोई भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब पीड़ित पुजारी ने बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक से दबंगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में गांव की महिला प्रधान के प्रतिनिधि फरमान कुरैशी से बातचीत हुई तो उन्होंने ऐसी किसी भी घटना से इंकार किया है। उधर उमरपुर चौकी इंचार्ज सुरेंद्र राव ने बताया कि पुजारी के साथ कोई मारपीट नहीं हुई बल्कि पुजारी ने ही एक बच्चे को मारपीट कर घायल किया हुआ है। मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

जिला आचार्यकुल द्वारा जिला महिला चिकित्सालय को कंबल और हीटर भेंट किए गए

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बुस.)। आज प्रांतीय आचार्यकुल के अध्यक्ष प्रमुख गांधी विचारक आचार्य होती लाल शर्मा के नेतृत्व में जिला आचार्यकुल की ओर से कुछ पदाधिकारी और सदस्यों की टीम के साथ जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर वहां की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आभा आत्रे को निर्बल वर्गीय परिवारों से प्रसव के लिए आने वाली बहन-बेटियों, माता की सेवा के लिए 21 कंबल और दो हीटर अच्छी क्वालिटी के प्रदान किए गए। सर्दियों में चिकित्सा प्राप्त कर रही बहन-बेटियों को कोई परेशानी ना हो, इस दृष्टि से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान ने यह मानवीय कदम उठाया, जिसके लिए जिला महिला चिकित्सालय की सीएमएस डॉ. आभा आत्रे या डॉ. इकरार, जगमोहन, कार्निवल व्यवस्था देख रही सबा बहन आदि ने आचार्यकुल की सराहना की। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी क्रमशः अशोक कुमार गुप्ता, आचार्य सीताराम, सत्य प्रकाश शर्मा, बोरान लाल, संजीव वर्मा, गौरव वर्मा, सुनीती मिश्रा, विनोद चौहान, रेणुका जेमिनी, पूनम मार्शल, अर्चना गोयल, संस्था जिलाध्यक्ष चौ. राजवीर सिंह की बेटी कोमल, शशि गोयल, कर्म सिंह, शशि गोयल, डॉ. रविंद्र वशिष्ठ, डॉ. सुनील शर्मा सहित अनेक सदस्य गण उपस्थित रहे।

दो युवकों पर चढ़ा ट्रैक्टर..., सड़क से चिपक गई बॉडी, एक बाल-बाल बचा

वाराणसी, 11 दिसंबर (एजेंसी)। वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के रिंग रोड फेज एक पर बुधवार की शाम सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि उनके साथ बाइक पर बैठा एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ागांव थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों का शव कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देने के साथ ही पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। फूलपुर थाना क्षेत्र के ताड़ी नेवादा निवासी 35 वर्षीय राम विलास और 28 वर्षीय महताब तथा ठठरा निवासी जय प्रकाश विश्वकर्मा तीनों लोग फर्नीचर का काम करते हैं। जय प्रकाश ने बताया कि तीनों लोग सारनाथ में काम करने के बाद शाम एक ही बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रिंग रोड फेज एक पर प्रतापपट्टी क्रॉसिंग के पास एक चालक ट्रैक्टर को लेकर सड़क पार कर रहा था। ट्रैक्टर देखकर बाइक चला रहे महताब ने नियंत्रण को दिया, जिससे दोनों में टक्कर गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर की ट्राली का पहिया राम विलास और महताब को कुचलते हुए आगे निकल गया। कुचले जाने के चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, जय प्रकाश बच गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक तथा ट्रैक्टर को कब्जे में ले ली।

माधव गौशाला का एसडीएम ने किया निरीक्षण

बुढ़ाना, 11 दिसम्बर (बु.)। आज संबंधित अधिकारियों ने गौशाला का निरीक्षण कर वीडियोग्राफी कर जल्द ही सभी खामियों को दुरूस्त करवाने का आश्वासन दिया। अब गौशाला का सुधार हो जाएगा ऐसी उम्मीद ग्रामीणों को जग गयी है। गौरक्षक छोटा सैनी की आत्मदाह की खुली चेतावनी प्रशासन को शायद सुनाई दे गयी है। इसके चलते बुधवार की प्रातः बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती बुढ़ाना ब्लॉक के बीडीओ व पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिव कुमार के साथ माधव गौशाला में पहुंचे और वहां की पूरी अव्यवस्था का जायजा लिया। यहां पर गौरक्षक छोटा सैनी ने एसडीएम को बताया कि यहां पर गायों के बैठने के लिए खड़न्जा नहीं है। जहां दूसरे स्थान पर गायें बंधी हैं, उस स्थान पर टीन शेड भी नहीं है। पानी की व्यवस्था भी चौपट है, तब एसडीएम राजकुमार भारती ने गौरक्षक छोटा सैनी व उनकी टीम के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्दी ही गायों के बैठने के स्थान पर खड़न्जा लगवा दिया जाएगा और दूसरे स्थान पर खुले में जहां पर गायें बंधी हैं, वहां भी टीन शेड लगवा दिया जाएगा। गायों के पानी के पीने की होदी को ऊंचा करा दिया जाएगा, जिससे पशु पानी पी सकें, जिस पर छोटा सैनी और उनकी टीम के साथ-साथ ग्रामीणों ने एसडीएम का आभार जताया। यहां पर गौरक्षक घनश्याम सैनी, ठाकुर जयभगवान सिंह, कपिल, गोलू, सुधीर, राजा ठाकुर, दुष्यंत, वासु, कमल, राहुल, मोहित जांगिड़ मौजूद थे।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अभिषेक जो कि अविवाहित है, आवारा किस्म का हो गया है और गलत संगत में उठता बैठता है तथा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं हैं। मैं व मेरा परिवार अभिषेक से काफी तंग आ चुके हैं, जिस कारण मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यदि भविष्य में मेरा पुत्र अभिषेक कोई भी गलत कार्य करता है तो उससे मेरा व मेरे परिवार व मेरे रिश्तेदारों का कोई भी सम्बंध किसी भी प्रकार का नहीं होगा।

नरेश कुमार पुत्र ईश्वर दयाल
निवासी-मंगलापुरी मंडी, शाहपुर, थाना-शाहपुर, तहसील-बुढ़ाना, जिला-मुजफ्फरनगर

मृतका कुंती के लाभार्थी को मिला दो लाख रुपये का चेक

मीरापुर, 11 दिसम्बर (बु.)। भारतीय स्टेट बैंक की मीरापुर शाखा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतका के लाभार्थी को दो लाख रुपए का चैक दिया। भारतीय स्टेट बैंक की मीरापुर शाखा ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को निभाते हुए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक मृतका महिला कुंती के लाभार्थी संदीप कुमार को मंगलवार दो लाख रुपये का दावा चैक सौंपा। शाखा के सर्विस मैनेजर आकाश कुमार, सागर कुमार व विकास अंबेडकर द्वारा लाभार्थी संदीप कुमार चेक सौंपा गया। इस दौरान सर्विस मैनेजर आकाश कुमार ने बताया कि यह योजना समाज के हर वर्ग के व्यक्ति के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। इस दौरान चैक प्राप्त करने वाले संदीप कुमार ने बताया कि एसबीआई की मीरापुर शाखा ने कठिन समय में उसे न केवल वित्तीय सहायता दी बल्कि अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना से उनका मनोबल भी बढ़ाया।

एम.जी. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लिया फन टूर का आनंद

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बुस.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल के किंडरगार्टन के बच्चों को आउटडोर पिकनिक का अनुभव कराया गया। इन बच्चों को उनके शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ फन टूर पर ग्रांड प्लाजा मॉल ले जाया गया, जहां भ्रमण के दौरान बच्चों ने बाइक राइडिंग, झूलों के साथ ही फन गेम्स का आनंद उठाया और पिज्जा पार्टी के बाद पिज्जा मेकिंग की प्रक्रिया को समझा। एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बुधवार को किंडरगार्टन के बच्चों को आउटडोर पिकनिक पर विद्यालय प्रांगण से रवाना किया। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं के इन नन्हें-मुन्ने बच्चों को उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन में फन टूर के इस रोमांचकारी अनुभव के लिए भोपा रोड स्थित ग्रांड प्लाजा मॉल में ले जाया गया, यहां पर बच्चों ने अनेक प्रकार की गतिविधियों में भरपूर उत्साह के साथ इस यात्रा को यादगार बनाने का काम किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि इन तरह के आयोजन बच्चों को खेल के माध्यम से भी सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। किताबों में जो कुछ उन्होंने शिक्षा प्राप्त की है, उसका अनुभव ऐसे फन टूर से होने पर बच्चों का उत्साह तो बढ़ता ही है, उनका मानसिक विकास भी हो जाता है। बच्चों ने आउटडोर पिकनिक में अपनी इस यात्रा को शानदार और यादगार रूप से पूर्ण किया। इस दौरान बच्चों को रोमांचकारी बाइक राइड, टॉय ट्रेन का उत्साहपूर्ण सफर और फन गेम्स की मस्ती के बाद डोमिनॉज पिज्जा पार्टी का आनंद उठाने का अवसर मिला। बच्चों को पिज्जा निर्माण की प्रक्रिया को समझाने के लिए उन्हें डोमिनॉज की रसोई का भ्रमण भी कराया गया, जो उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। इस यात्रा के दौरान बच्चे पूरी तरह से उत्साहित नजर आये।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र आसिफ व पुत्रवधू श्रीमती शहजादी पत्नी आसिफ मेरे तथा मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है। मेरा पुत्र व पुत्रवधू हमारे कहने-सुनने से बाहर है और मेरे तथा परिवार वालों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। उनके गलत कार्यों, गलत संगत व दुर्व्यवहार के कारण उनसे सम्बंध विच्छेद करता हूँ तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके किसी गलत कार्य, लेन-देन अथवा आपराधिक कार्यों का मैं अथवा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा, वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

इकबाल पुत्र इस्लाम
निवासी-मौ. नूरबाफान, कस्बा-शाहपुर, तहसील-बुढ़ाना, जिला-मुजफ्फरनगर

भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर में 'समर्पण निधि' कार्यक्रम का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बुस.)। आज भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मण्डी मुजफ्फरनगर में "अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान" द्वारा 'समर्पण निधि' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार (मेरठ प्रांत संगठन मंत्री) व विपुल भटनागर जी (पुरातन छात्र, इंडियन इंड्स्ट्रीज के अध्यक्ष) रहे। इस कार्यक्रम के संचालक भुजेंद्र जी (प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर साकेत, जिला समन्वयक) रहे। इस अवसर पर सुभाष चंद्र गुप्ता (अध्यक्ष भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर), प्रमोद कुमार तिवारी (प्रबंधक भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर), श्रीचरण पाल (अध्यक्ष जन शिक्षा समिति), राज सिंह (सेवानिवृत्ति सदस्य आर.एस.एस.), कौशल आर्य (प्रधानाचार्य केशवपुरी) बीरजंग (संभाग निरीक्षक मेरठ प्रांत), सीमा गोयल (प्रधानाचार्या भा.स.वि.मं.इं.का.मु.नगर) एवं समस्त विद्यालय स्टाफ एवं समाज के गणमान्य लोग व अभिभावक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदीप जी ने सभी का मार्गदर्शन किया और बताया कि किस प्रकार से विद्या भारती की स्थापना हुई। पहला विद्यालय स्थापित हुआ और धीरे-धीरे एक विद्यालय से अनेकों विद्यालय चलने शुरू हो गए। इन विद्यालयों का कार्य सिर्फ विद्या देना ही नहीं बल्की संस्कारों से पूर्ण शिक्षा देना है। उन्होंने बताया कि लद्दाख व जम्मू-कश्मीर में भी ऐसे ही विद्यालय खोले गए, जिसमें विद्यार्थी राष्ट्रीय गान, प्रार्थना एवं संस्कार केंद्र के साथ शिक्षा ग्रहण करते हैं। विद्या भारती के अभिभावक संपर्क के माध्यम से समाज में सुधार होता है। रॉफेल प्रथम महिला पायलट विद्या भारती की ही छात्रा थी। इसरो में

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

राहुल, अखिलेश और आजम खान

राहुल गांधी को लेकर इंडिया गठबंधन में जो कुछ चल रहा है, उसका सार यही है कि कांग्रेस के सांसदों के अलावा कोई भी राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार करने को राजी नहीं है। ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने को आतुर लग रही हैं और उनके नेतृत्व करने का समर्थन भी अन्य दल कर रहे हैं, जिसका अर्थ है कि कांग्रेस के अलावा सभी का एक सुर है, जिससे राहुल विरोध प्रगट होता है। अखिलेश यादव भी ममता बनर्जी के साथ हैं, लेकिन अखिलेश यादव कांग्रेस के बाद संसद में 37 सांसद लेकर दूसरे नम्बर पर हैं, ममता बनर्जी तीसरे नम्बर पर हैं, फिर भी अखिलेश यादव इस गठबंधन में प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं। संसद में भी पिछले सत्र में अखिलेश यादव में जो जोश था, वो इस सत्र में नहीं है। संभल के मामले को लेकर भी अखिलेश यादव सिर्फ वोट बैंक की चिन्ता करने वाले नेता की छवि से आगे नहीं बढ़े, उसमें भी राहुल आगे निकलते नजर आ रहे हैं, क्योंकि संभल के पीड़ित दिल्ली आकर राहुल से मिले। मुस्लिम सियासत को आधार मानने वाले नेताओं में प्रतियोगिता सी चल रही है। इस प्रतियोगिता को देखकर जेल में बन्द आजम खान ने भी एक खत के जरिए एंट्री ले ली है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि इस खत में कोई दम नहीं है। किसी अपराधी को सिर्फ उसके परिवार वाले ही कुछ हद तक अहमियत देते हैं, परिवार वाले अगर लालची न हों तो अपराधी से पिंड छुड़ा लेते हैं। आजम खान को गुनहगार मानने वाले लोग उनके खत को शिफुगा कह रहे हैं और उन्हें महान नेता मानने वाले उनके खत से इन्कलाब आने का सपना देख रहे हैं। सियासत भी अजीब है। सियासत में ऐसे बहुत से सियासतदां हैं, जो अपनी जिन्दगी का एक बड़ा हिस्सा मुगालते ही में निकाल देते हैं अर्थात राजनीति में ऐसे बहुत से नेता हैं, जो अपने जीवन का बड़ा समय भ्रम ही में निकाल देते हैं। इस समय ऐसे नेताओं की संख्या बढ़ रही है। संसद और संसद से बाहर ऐसे नेताओं को देखा जा सकता है। संभल की वोट छीनो प्रतियोगिता में अखिलेश यादव से पहले राहुल गांधी ने बाजी मार ली। राहुल गांधी की पीड़ित परिवारों से मुलाकात सोनिया गांधी के आधिकारिक निवास 10 जनपथ पर हुई। कांग्रेस के दोनों प्रमुख नेताओं ने इन पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और न्याय के लिए पूरे सहयोग का भरोसा दिया। अखिलेश यादव के अभी तक संभल जाने की कोई सूचना नहीं आई है और न ही पार्टी के पीड़ितों से मुलाकात की कोई संभावना बनती दिख रही है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी गत चार दिसंबर को संभल के पीड़ितों से मिलने रवाना हुए थे, लेकिन उत्तर प्रदेश प्रशासन ने उन्हें रास्ते में रोक दिया था। संभल हिंसा के बाद बयान पर बयान देने वाले अखिलेश यादव से पहले राहुल गांधी बाजी मारते हुए नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर सपा ने भी वहां के पीड़ितों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया था, जबकि कांग्रेस ने अभी तक ऐसा कोई अधिकारिक ऐलान नहीं किया है। अखिलेश यादव और राहुल गांधी की तुष्टिकरण प्रतियोगिता को देखकर आजम खान ने भी चाल चल दी है। लग तो यह रहा है कि आजम खान ने इंडिया गठबंधन को अपने निशाने पर लिया है, लेकिन कुछ लोगों को इसके पीछे उनका सियासी दांव दिखाई दे रहा है। उनके निशाने पर अखिलेश यादव भी हैं। रामपुर के सपा जिला अध्यक्ष अजय सागर ने आजम के सियासी संदेश को पत्र के जरिए लोगों के सामने रखा है। आजम खान के हवाले से पत्र में इंडिया गठबंधन पर मुस्लिमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा है कि मुसलमानों पर इंडिया गठबंधन को अपनी स्थिति स्पष्ट करना होगी, अन्यथा मुस्लिमों के हालात और भविष्य पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आजम खान ने कहा कि रामपुर में हुए जुल्म और बर्बादी का मुद्दा संसद में उतनी ही मजबूती से उठाया जाना चाहिए, जितना संभल का मुद्दा उठाया गया है। रामपुर के जुल्म और बर्बादी पर इंडिया गठबंधन खामोश तमाशाई बना रहा और मुस्लिम लीडरशिप को मिटाने का काम करता रहा। आजम खान ने कहा कि यदि मुसलमानों के वोट का कोई अर्थ ही नहीं है और उनके वोट का अधिकार उनकी नस्लकुशी करा रहा है, तो उन्हें विचार करने पर मजबूर होना पड़ेगा कि उनके वोट के अधिकार को रहना चाहिए या नहीं। संभल के बहाने आजम खान की नाराजगी एक बार फिर सामने आ गई है। आजम खान ने भले ही इंडिया गठबंधन को अपने निशाने पर लिया है, लेकिन संदेश कहीं न कहीं अखिलेश यादव के लिए माना जा रहा है। अखिलेश यादव ने संभल का मुद्दा संसद से सड़क तक जोर-शोर से उठाने का काम किया है। लोकसभा में अखिलेश यादव संभल पर बोलते हुए नजर आए थे, तो रामगोपाल यादव आक्रामक थे और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा था, लेकिन यह सिर्फ वोट साधना कही गयी। आजम खान की चिट्ठी पर कई मुस्लिम नेताओं का कहना है कि आजम खान जिस भाषा में बात कर रहे हैं, उससे लगता है कि वे खुद को मुसलमानों का एक मात्र मसीहा मानते हैं, जबकि ज्यादातर मुसलमान उनके बारे में नहीं सोचते। अब उनके दिन लद गए। आजम खान को दर्द है कि संभल के मुद्दे को जिस तरह सपा से लेकर कांग्रेस तक ने उठाया है, उस तरह से रामपुर के मामले को नहीं उठाया गया। इससे साफ जाहिर है कि आजम खान ने भले ही इंडिया गठबंधन से सवाल पूछे हों, लेकिन उनका निशाना समाजवादी पार्टी पर है। आजम खान के कारनामों के कारण उन पर सियासी ग्रहण छाया हुआ है। आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान जेल की सजा होने के चलते अपनी-अपनी सदस्यता भी गंवा चुके हैं। इसके अलावा उपचुनाव में रामपुर और स्वार टांडा सीट भी आजम परिवार के पकड़ से बाहर निकल चुकी है। आजम खान के समर्थकों को भी लगता है कि सपा और अखिलेश यादव ने उनकी लड़ाई को मजबूती से नहीं लड़ा। इसके अलावा आजम खान की मर्जी के बगैर रामपुर लोकसभा सीट से अखिलेश यादव ने प्रत्याशी उतारा था, जिसने जीत के बाद से आजम खान पर ही निशाना साधा था। सियासी गलियारों में चर्चा है कि आजम खान की चिट्ठी एक गुनहगार की चिट्ठी है, जिसके जरिये वो खुद को पीड़ित बताने की कोशिश कर रहा है, यही हर गुनहगार करता है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"समय" "अक्ल" "चोट" "बन्दा"

समय ही चोट करता है,समय राहें दिखाता है,
समय ही अक्ल देता है, समय बुद्धू बनाता है।
मगर कुछ लोग होते हैं, जिन्हें आती नहीं बुद्धि,
उन्हें बन्दा बनाने में,समय भी हार जाता है।

डिजिटल धोखाधड़ी रोकने को 1,700 स्काइप आईडी और 59,000 व्हाट्सएप अकाउंट किए ब्लॉक

नई दिल्ली, 11 दिसंबर (एजेंसी)। डिजिटल अपराधों पर सख्ती दिखाते हुए सरकार ने 1,700 स्काइप आईडी और 59,000 व्हाट्सएप अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। ये अकाउंट्स कथित रूप से "डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड" के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। यह कदम देश में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है। डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड का मुख्य उद्देश्य निर्दोष लोगों को फर्जी पुलिस या सरकारी अधिकारी बनकर धोखा देना और उनसे पैसे वसूलना होता है। इस तरह के धोखाधड़ी मामलों में अपराधी स्काइप, व्हाट्सएप और अन्य मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश करते हैं। वे नकली गिरफ्तारी आदेश या कानूनी नोटिस भेजकर पीड़ितों से धन उगाही करते हैं। सरकार ने इन प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय संदिग्ध अकाउंट्स की पहचान करने के लिए साइबर एजेंसियों को लगाया। जांच के बाद, इन अकाउंट्स को ब्लॉक करने का निर्णय लिया गया। सरकार ने कहा कि इस तरह के मामलों से निपटने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के साथ समन्वय बढ़ाया जाएगा। साथ ही आम जनता को साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाएंगे। साइबर विशेषज्ञों ने आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

मजबूत पैरवी के चलते आरोपी को सुनाई गयी सजा

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बु.)। नवनिर्मित खालापार थाने के पहले मुकदमे में पुलिस की मजबूत पैरवी के चलते मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को सजा सुनाई है। पांच दिन के भीतर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि 5 सितम्बर को थाने पर तैनात हैड कांस्टेबिल जयदीप नागर ने चैकिंग के दौरान आरोपी गुलसन्नवर उर्फ फतह निवासी किदवईनगर को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन कर आरोपी के खिलाफ पांच दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल की। एसएसपी अभिषेक सिंह के निर्देश पर पुलिस पर कोर्ट में पैरवी करते हुए समस्त गवाह पेश किए। लोक अभियोजक केसी मौर्य व कोर्ट पेरोकार सचिन कुमार द्वारा की गयी। पुलिस की पैरवी पर आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 3 माह 15 दिन की सजा व 2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

डीएम से काली नदी को साफ कराने की गुहार

मुजफ्फरनगर,11 दिसम्बर (बु.)। भारतीय विकास पार्टी की बैठक बीते दिवस गांव खांजापुर में पार्टी संस्थापक चंद्रभान कश्यप के कृषि फार्म पर संपन्न हुई। यह बैठक काली नदी के जहरीली व प्रदूषित होने से किसानों की फसलें खराब होने को लेकर हुई। बैठक की अध्यक्षता राधेश्याम कश्यप व संचालन रामकुमार प्रजापति व राजकुमार उपाध्याय व राजू ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में भारतीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कश्यप ने कहा कि काली नदी गंदगी के कारण जहरीली व प्रदूषित हो गयी है, जिसके कारण खांजापुर के किसानों की फसलें खराब हो रही हैं। विजय कश्यप ने डीएम को भेजे मांग पत्र के माध्यम से मांग की कि इस काली नदी की पूरी तरह सफाई कराई जाए। बैठक में घसीटू कश्यप, टिंकू कश्यप, ब्रज कश्यप, मनीष, उषा, रोजी, नितिन, नवीन, लक्ष्य, रवि, मांगा, अतर सिंह. पंकज, अंशु मंजू, विशांश, अमन दुर्गेश पिंकेश, रिषिपाल, गुड्डू आदि मौजूद रहे।

निकाह से ऐन पहले पहुंच गई प्रेमिका, रात भर पुलिस हिरासत में रहे दूल्हा और उसका पिता

सहारनपुर, 11 दिसंबर (एजेंसी)। सहारनपुर जनपद के गागलहेड़ी निवासी एक युवती की शादी दिलबहार पुत्र जुलफान निवासी शेरपुर थाना बिहारीगढ़ के साथ होनी थी। मंगलवार को दूल्हा जैसे ही बरात लेकर पहुंचा तो केरल के जिला अन्नाकुलम निवासी उसकी प्रेमिका ने आकर निकाह रुकवा दिया। उसका कहना था कि दिलबहार केरल में फर्नीचर का काम करता है। उसके साथ सात साल से संबंध हैं। उसने शादी का वादा कर रखा था, लेकिन बाद में आनाकानी करने लगा। दिलबहार से अपने संबंधों के फोटोग्राफ भी सभी को दिखाए। उसने बताया कि शादी से मना करने पर उसने 30 नवंबर को केरल के थाने में दिलबहार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। केरल से गागलहेड़ी पहुंची प्रेमिका के शादी में पहुंच कर प्रेमी का निकाह रुकवाने के बाद रात भर दूल्हा और उसका पिता पुलिस हिरासत में रहे। सुबह दूल्हे पक्ष द्वारा वधु पक्ष से माफी मांगते हुए शादी में खर्च हुई रकम लौटाने के बाद ही मामला निपटा। उधर प्रेमिका दूल्हे से ही शादी करने की बात कहते हुए वापस लौट गई। बता दें कि मंगलवार को बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर खानाजादपुर निवासी दिलबहार पुत्र जुलफान गागलहेड़ी में बरात लेकर आया था। जैसे ही दुल्हन और दूल्हे का निकाह पढ़ा जा रहा था, तभी केरल से आई एक युवती ने खुद को सात साल से दूल्हे के साथ रिलेशनशिप में बताते हुए निकाह रुकवा दिया था। इसके बाद लड़की पक्ष ने दूल्हे और उसके पिता को पुलिस के हवाले कर दिया था। रात भर दोनों पुलिस हिरासत में रहे। बुधवार सुबह दूल्हे पक्ष के लोगों ने दुल्हन पक्ष से माफी मांगते हुए शादी में खर्च हुई रकम वापस लौटते हुए समझौता कर लिया। इसके बाद पुलिस ने दूल्हे और उसके पिता को छोड़ा। वहीं केरल से आई प्रेमिका दिलबहार से ही शादी करने की बात कहते हुए वापस लौट गई। उसका कहना था कि वह किसी और से दिलबहार की शादी नहीं होने देगी। दिलबहार केरल में फर्नीचर का काम करता है। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि केरल से विवाह समारोह में आई युवती द्वारा खुद को दूल्हे की प्रेमिका बताने के बाद शादी टूट गई है। अभी किसी पक्ष की तरफ से तहरीर नहीं आई है। यदि तहरीर आती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

गीता जयंती पर गीता पाठ से भक्ति की गंगा में डूबा नगर

- टाउनहाल से निकली यात्रा में मंत्री समेत शामिल हुए आम-ओ-खास - सत्संग भवन समेत कई स्थानों पर संपन्न हुए भव्य कार्यक्रम

मुजफ्फरनगर,11 दिसम्बर (बु.)। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से बुधवार को श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार मुजफ्फरनगर एवं सत्संग भवन ट्रस्ट परिवार की ओर से गीता जयंती महोत्सव अवसर पर गीता जी के हवन, गीता पाठ व एक मिनट सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया। टाउनहाल से प्रारंभ हुई यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए शामली रोड स्थित सत्संग भवन पेट्रोल पंप के पास शामली रोड पर संपन्न हुआ। प्रातःबेला में टाउनहाल मैदान में विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई यात्रा में नगर विधायक व सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला समेत बड़ी संख्या में गणमान्य शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्वान पंडितों ने गीता जी के श्लोकों के साथ हवन और गीता जी की आरती के साथ में संपन्न कराई। इस बीच श्री कृष्ण भक्ति में रमे भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रातः 11 बजे एक मिनट के संयुक्त सामूहिक गीता पाठ (तीन श्लोक) के साथ आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने पूरे समर्पण भाव के साथ भाग लिया। इस दौरान महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से, शहर के विभिन्न स्थानों पर गीता पाठ कराया। उधर, जिला कारागार में करीब 25 सौ बंदियों ने एक साथ सामूहिक गीता पाठ किया, जिसका विशेष सहयोग शैलेन्द्र किंगर ने किया। शहर के विभिन्न मंदिरों में विद्वान पंडितों ने गीता पाठ कराया, वहीं विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में 11,000 विद्यार्थियों ने गीता पाठ में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से श्याम लाल बंसल, सुरेंद्र अग्रवाल, एड. अमरकांत गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, त्रिलोक चंद, महेंद्र गोयल, गिरीश अग्रवाल, लोकेश चंद्र, अखिलेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अतुल गर्ग, रामबीर सिंह, सुभाष गोयल, अजय गर्ग, प्रेम प्रकाश अरोड़ा, अशोक शर्मा समेत अनेक श्रद्धालुओं एवं महिलाओं ने विशेष भूमिका निभाई। सत्संग भवन में उपस्थित श्रद्धालुओं को अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस भव्य आयोजन के लिए श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार ने सभी सहभागियों, विद्वानों व श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया।

संकीर्तन भवन नई मण्डी ने निकाली गीता जी की शोभायात्रा

मुजफ्फरनगर,11 दिसम्बर (बु.)। बुधवार को 70वां गीता जयंती महोत्सव श्री रामायण गीता सत्संग मंडल द्वारा संकीर्तन भवन, नई मण्डी में गीता जी की शोभायात्रा के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा धूमधाम से नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकाली गई। इस शोभायात्रा का शुभारंभ पंडित राघवेंद्र शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद किया गया। गीता जयंती पर आयोजित किए कार्यक्रम में संकीर्तन भवन के उपाध्यक्ष अरुण खंडेलवाल, विहिप नेता ललित माहेश्वरी, व्यापारी नेता संजय मित्तल ने दीप प्रज्ज्वलन संयुक्त रूप से किया। इस दौरान नगर क्षेत्र में संचालित विद्या भारती के स्कूली बच्चों ने घोष पर मधुर ध्वनि बजाते हुए बड़े उत्साह के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। नई मंडी क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ ही राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने भी शोभायात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष विनय गोयल, मंत्री देवेंद्र गर्ग, कोषाध्यक्ष आदित्य भरतीया, हरिशंकर मूंदड़ा, रविन्द्र बंसल, प्रवीण बंसल , साधु राम मित्तल, अमित मित्तल, निखिल मंगल, नितिन अग्रवाल, व्योम शर्मा, मनोज कुमार मित्तल के पास ही जीवन रेखा अस्पताल में एक गंभीर घायल व्यक्ति को भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। महात्मा गांधी अस्पताल में दूसरे घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है। हादसे में घायल पांच पुलिसकर्मियों को भी जीवन रेखा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनमें से चार को फ्रैक्चर और मामूली चोटें आई हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों अस्पतालों के चिकित्सकों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं।

सीएम के काफिले की गाड़ी पलटी, घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे भजनलाल

जयपुर, 11 दिसंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में तैनात एक गाड़ी को सामने से रॉन्ग साइड आ रही टैक्सी नंबर की गाड़ी ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में टैक्सी में सवार दो लोगों के साथ ही पांच अन्य लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री पहले खुद घायलों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर गए। जानकारी के अनुसार सीएम के काफिले की एक गाड़ी समेत तीन वाहन आपस में टकराए हैं। इससे गाड़ी में मौजूद कुछ पुलिसकर्मियों को भी मामूली चोटें आई हैं। साथ ही हादसे में दो राहगीरों समेत तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। गौरतलब है कि हादसे से कुछ देर पहले इसी रास्ते से उपराष्ट्रपति का काफिला भी निकला था। एक्सीडेंट के बाद एनआरआई सर्कल के पास ट्रैफिक को नियंत्रित कर लिया गया है और सीएम का काफिला भी वापस रवाना हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर बहुत भीषण बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि टक्कर मारने वाली टैक्सी गाड़ी की रफ्तार 120 से 130 किमी प्रतिघंटा थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना के तुरंत बाद अपनी गाड़ी से उतरकर घायलों की मदद की। उन्होंने एक घायल को अपनी गाड़ी में बिठाकर अस्पताल पहुंचाया और खुद स्ट्रेचर पर लेकर महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया। एनआरआई सर्कल के पास ही जीवन रेखा अस्पताल में एक गंभीर घायल व्यक्ति को भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। महात्मा गांधी अस्पताल में दूसरे घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है। हादसे में घायल पांच पुलिसकर्मियों को भी जीवन रेखा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनमें से चार को फ्रैक्चर और मामूली चोटें आई हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों अस्पतालों के चिकित्सकों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं।

'शव के पास भी न आए पत्नी, गटर में बहा दें अस्थियां', जौनपुर के दामाद ने क्यों कहा ऐसा?

अतुल ने सुसाइड नोट में लिखीं ये अंतिम इच्छाएं

- जज ने मामला निपटाने को मांगे 5 लाख रुपये
- पत्नी ने कहा था- तुम मर क्यों नहीं जाते

जौनपुर, 11 दिसंबर (एजेंसी)। ससुराल पक्ष से पीड़ित होकर आत्महत्या करने वाले अतुल ने सुसाइड नोट में जौनपुर की परिवार अदालत की एक सुनवाई का भी जिक्र किया है। इसमें पत्नी के ताने, उसका आत्महत्या के लिए उकसाना और जज की ओर से रुपये मांगने का जिक्र किया गया है। अतुल ने लिखा कि वह कोर्ट की तारीखों और भ्रष्टाचार से तंग आ गए थे, तो उन्होंने आत्महत्या का रास्ता चुना। अतुल ने वीडियो में बताया कि उन्होंने जज रीता कौशिक के समक्ष जब बताया कि उनकी पत्नी ने झूठे मामले दर्ज किए हैं, तो जज ने कहा, तो क्या हुआ? वह आपकी पत्नी है और यह आम बात है। अतुल ने कहा कि झूठे मामलों के कारण कई लोग मर जाते हैं, तो बीच में पत्नी निकिता ने कहा कि आप भी ऐसा क्यों नहीं करते? इस पर जज ने जोर से ठहाका लगाया। अतुल ने लिखा, पत्नी ने ही मुझे सही रास्ता दिखाया। मर जाना ही इन सब का अंत है। अतुल ने बताया कि उनकी पत्नी ने शुरू में 1 करोड़ रुपये की मांग की, बाद में मांग बढ़ाकर 3 करोड़ रुपये कर दी। अतुल ने सुसाइड नोट में लिखा कि उनके खिलाफ 9 मामलों में छह के मुकदमे ट्रायल कोर्ट और तीन हाईकोर्ट में थे। दो साल में कोर्ट की 120 तारीखें लगीं जिससे पूरी तरह टूट गया। जौनपुर परिवार अदालत की जज रीता कौशिक और उनके स्टाफ ने मामला निपटाने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत भी मांगी। अतुल ने लिखा, इस सिस्टम ने मुझे न्याय नहीं दिया, मेरा फैसला बाकी है। अतुल ने सुसाइड नोट में अपनी कुछ अंतिम इच्छाएं भी लिखीं। उन्होंने साफ किया कि मरने के बाद पत्नी और उसके परिवार वालों को शव के पास भी नहीं आने दिया जाए। बेटे की कस्टडी उनके माता पिता को दी जाए, क्योंकि पत्नी उसे अच्छे संस्कार देकर नहीं पाल सकती। अतुल ने लिखा कि उनकी अस्थियों का विसर्जन तब तक नहीं किया जाए जब तक उनकी पत्नी और उसके परिजनों को सजा नहीं हो जाती। ये भी लिखा कि अगर उन्हें सजा न हो तो उनकी अस्थियों को अदालत के बाहर गटर में ही बहा दिया जाए। अतुल ने यूपी के मुकाबले कर्नाटक की अदालतों पर अधिक भरोसा जताया और आगे पत्नी के खिलाफ बंगलूरू की अदालत में मुकदमा चलाने की मांग की।

रस्म पगड़ी

5 जनवरी 1960- 2 दिसम्बर 2024
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिता जी
श्री मुकेश कुमार गुप्ता जी (गुप्ता हौजरी वाले) पुत्र
स्व. राज कुमार गर्ग (सिसौली वाले) 2 दिसम्बर 2024 को अपनी
सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु चरणों में विलीन हो गये हैं।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी आत्मिक शान्ति के लिए
रस्म पगड़ी, शुक्रवार 13 दिसम्बर 2024
को होनी निश्चित हुई है।
-: कार्यक्रम :-
हवन - प्रातः 9 बजे (निज निवास, सॉकेत कॉलोनी, मुजफ्फरनगर)
ब्रह्म भोज - 12 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी- 2 बजे दोपहर
स्थान :-आशीर्वाद बैंकट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
-: शोकाकुल परिवार :-
सतीश कुमार गर्ग, सुभाष गर्ग (भाई)
डा. गौरव गुप्ता-डा. प्रज्ञा सेमवाल, सागर गुप्ता शिवानी (पुत्र-पुत्रवधु)
निशा-गौरव अग्रवाल, निधि-राहुल अग्रवाल (पुत्री-दामाद),
श्रेयांश, प्रिशा (पौत्र- पौत्री)
अंकित, सचिन, मोहित, रजत, शोभित गुप्ता (भाजपा सभासद) (भतीजे)
-: प्रतिष्ठान :-
गुप्ता हौजरी, भारती क्रिएशन, भारती क्लैक्शन, गुप्ता गारमेंट्स
मोबाईल : 9897618222, 9897179470

डीएम ने किया बघरा के किसान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित

मुजफ्फरनगर,11 दिसम्बर (बु.)। प्रगतिशील किसानों को प्रोत्साहित करने की दिशा में जिले में शुरू प्रयासों के बीच बुधवार को जनपद के विकास खण्ड बघरा के ग्राम माण्डी निवासी कृषक ध्वज बालियान को डीएम उमेश मिश्रा ने अपने कार्यालय में आमंत्रित करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि डीएम उमेश मिश्रा के प्रयासों से प्रगतिशील किसानों को आगे बढ़ने के साथ अन्य किसानों को प्रोत्साहित किए जाने की कड़ी में विकास खण्ड बघरा के ग्राम माण्डी निवासी कृषक ध्वज बालियान को सम्मानित किया गया। डीएम उमेश मिश्रा ने किसान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मांडी निवासी किसान ध्वज बालियान बीते 18 वर्षों से जनपद में मधु मक्खी पालन का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि ध्वज बालियान द्वारा प्रति बोक्स 25 किलोग्राम कुल 350 कुन्तल प्रति वर्ष शहद, बी पोलन, प्रपोलिश का उत्पादन किया जाता है, जिससे इनको 27 से 30 लाख रुपए का प्रतिवर्ष लाभ प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त ध्वज बालियान द्वारा किसानों, छात्रों, बेरोजगार युवकों, बीएसएफ एवं एनएसजी कमान्डों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उनके द्वारा मधुमक्खी पालन सम्बन्धी सभी टूल्स व कच्चे माल की ब्रिकी के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों में लगभग 10 हजार से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। किसान ध्वज बालियान नेशनल बी-बोर्ड एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री के सदस्य के साथ-साथ बी-ब्रीडर भी है।

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या B.2018. 9-90020-007590 दिनांक 26/11/2018 में मेरा नाम (माता) ईशू डाबडा (ISHU DABDA) अंकित हो गया जबकि मेरा वास्तविक नाम ईशू चावला (ISHU CHAWLA) है। उपरोक्त संशोधन हेतु शपथपत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जायेगा।
ईशू चावला पत्नी अंकित डाबडा
14/2 आनन्द भवन, बाग केशोदास
मुजफ्फरनगर

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या 212 दिनांक 09/03/2011 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अंश काकरान अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अंश काकरान है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।
शालूज पुत्र आजाद सिंह
ग्राम- बेहड़ा यू , बेहड़ा गुरू
जिला- मुजफ्फरनगर

सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ व कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतू एडीजी ने दिये निर्देश

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बु.)। जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ व कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतू मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर ने पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस को प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने के लिए कहा। मंगलवार देर रात जनपद में पहुंचे मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर ने पुलिस लाइन सभागार में अपराध को लेकर गोष्ठी की। मिटिंग में एसएसपी अभिषेक सिंह, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम प्रशांत कुमार प्रसाद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस कोर्ट में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए अभियोजन के साथ मिलकर मजबूत पैरवी करे, ताकि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा हो सके।

उन्होंने कहा कि गौतस्कर, शराब व खनन माफियाओं के खिलाफ पुलिस कडी कार्रवाई करे। पुलिस ने अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत उनकी सम्पत्ति चिन्हित कर जब्तीकरण की कार्रवाई करे। महिला संबंधी अपराध में पुलिस कतई लापरवाही न बरते। रात्रि में सभी थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण भी करे।

श्रीरामलला मंदिर के रंग मंडप का शिखर बनकर तैयार

अयोध्या, 11 दिसंबर (एजेंसी)। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के निर्माण कार्य के पांच मंडपों में से एक रंग मंडप का शिखर पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया है। आज से ठीक एक माह बाद 11 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाई जाएगी। इसकी सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से चार सदस्यीय समिति गठित की गई है। इसी के द्वारा सब कुछ तय किया जाना है। उल्लेखनीय है कि सप्तऋषि मंदिर, परकोटे के साथ बनने वाले शिव, सूर्य, मां दुर्गा, देवी अन्नपूर्णा गणेश और हनुमानजी आ

पत्नी जया बच्चन के फोन से परेशान हो जाते हैं अमिताभ बच्चन

मुंबई, 11 दिसंबर (वार्ता) बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन,पत्नी जया बच्चन के फोन से परेशान हो जाते हैं। अमिताभ बच्चन इन दिनों वह क्विज बेस्ड रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को होस्ट कर रहे हैं। शो में अमिताभ बच्चन ने बताया कि उनकी बंगाली बहुत अच्छी नहीं हैं। हालांकि, उनकी पत्नी जया बच्चन जब भीड़ में होती हैं या उन्हें अमिताभ को कुछ पर्सनल या खास बातें बतानी होती हैं तो वह अक्सर उनसे बंगाली में बात करती हैं।बातचीत के दौरान वह जो कुछ भी कहती हैं, उसे मैं बहुत कम समझ पाता हूं क्योंकि मेरी बंगाली पर ज्यादा पकड़ नहीं है। अमिताभ ने जया बच्चन के साथ हाल ही में हुई एक मजेदार घटना को याद किया और बताया, जब कोई मेहमान आता है या हम भीड़ में होते हैं तो जया अक्सर बंगाली में बात करती हैं और मैं ऐसा दिखाता हूं कि सब समझ रहा हूं। अमिताभ बच्चन ने कहा, हालांकि, मुझे कुछ समझ नहीं आता। गोवा में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान मुझे उनका फोन आया। आम तौर पर हम मैसेज के माध्यम से बात करते हैं, लेकिन इस बार, उन्होंने फोन किया और मैं घबरा गया।जब मेरी पत्नी फोन करती है तो मैं आमतौर पर परेशान हो जाता हूं कि फोन क्यों आया।

विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से, 17 को पेश हो सकता है 15 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट भी

लखनऊ, 11 दिसंबर (एजेंसी)। 16 दिसंबर से शुरू हो रही विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में 17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। महाकुंभ पर केंद्रित अनुपूरक बजट का आकार 12 से 15 हजार करोड़ रुपये के बीच होने की संभावना है। सत्र के पहल दिन औपचारिक कार्य जैसे अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों को सदन के पटल पर रखा जाएगा और विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। 17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया होगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी, जिसके बाद उसे पारित किया जाएगा। वहीं 19 और 20 दिसंबर को विधायी कार्य होंगे। कार्यक्रम के मुताबिक 20 दिसंबर को सदन आधे दिन संचालित होगा। अनुपूरक बजट का मुख्य हिस्सा महाकुंभ के लिए परिवहन विभाग, नगर विकास विभाग सहित कुंभ से जुड़े अन्य विभागों को आवंटित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक विकास और एमएसएमई को भी बजट में हिस्सा दिया जाएगा।अभी विभागों के पास पूर्व में आवंटित बजट ही काफी बचा है। इसके अलावा भारत सरकार से भी अनुदान, वित्त आयोग सहित अन्य मदों से धन आ रहा है। लगभग 2.34 लाख करोड़ रुपये मार्च तक केंद्र से मिलना है। फरवरी के दूसरे हफ्ते में पूर्ण बजट आना है, इसलिए अनुपूरक बजट का आकार छोटा ही रहने की संभावना है। अनुपूरूक बजट के लिए सभी विभागों से प्रस्ताव मांगे गए हैं।

'वोटर लिस्ट से गरीब और दलितों के नाम कटवा रही भाजपा', चुनाव आयोग से अरविन्द केजरीवाल ने की शिकायत

नई दिल्ली, 11 दिसंबर (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने एक पत्रकारों से वार्ती की। इस दौरान उन्होंने कहा, 'हम आभारी हैं चुनाव आयोग ने एक शॉर्ट नोटिस पर हमें मिलने का समय दिया। हमने इलेक्शन कमीशन के आगे तीन हजार पन्नों के सबूत रखे कि किस तरह भाजपा दिल्ली के मौजूदा लोगों के वोट कटवाने का षडयंत्र रच रही है और ये जो वोट कटवाये जा रहे हैं ये अधिकतर गरीब, एससी, दलित, झुग्गी में रहने वाले और पूर्वांचली लोगों के हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'आप सोच सकते हैं कि एक वोट का मतलब क्या होता है। एक वोट बनने से वो इस देश का नागरिक बनाता है, जब आप इस तरह किसी वैलिड आदमी का वोट कटवाते हैं तो उसका नागरिकता और इस देश में रहने का अधिकार आप छीन रहे हैं। इसके अलावा वोट के आधार कई लाभ उसे मिल रहे हैं।

पीएम से मिलकर अभिभूत हुई करीना, रणबीर ने सुनाया मुलाकात का दिलचस्प किस्सा

नई दिल्ली, 11 दिसंबर (एजेंसी)। कपूर परिवार द्वारा 14 दिसंबर को लीजेंड्री एक्टर राज कपूर की 100वीं जयंती मनाने के लिए मनाए जा रहे उत्सव का निमंत्रण देने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। यह महोत्सव प्रसिद्ध अभिनेता-फिल्म निमार्ता और भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिष्ठित शख्सियतों में से एक राज कपूर की 100वीं जयंती मनाएगा, जिनका 1988 में देहांत हो गया था। अभिनेता रणबीर कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी और नीतू कपूर, करीना कपूर खान, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, सैफ अली खान सहित कपूर परिवार ने मंगलवार को प्रधान मंत्री से मुलाकात की। रणबीर कपूर पीएम मोदी से मुलाकात के बाद अपना उत्साह व्यक्त करते नजर आए हैं। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए एक खास दिन है। हमने बातचीत का आनंद लिया। हमने उनसे कई निजी सवाल भी पूछे। उन्होंने हमसे दोस्ताना तरीके से बात की। उन्होंने हम सभी को बहुत सहज महसूस कराया। कपूर परिवार उनका आभारी है।'

ढाई दिन की बच्ची का देहदान, भावुक हुआ परिवार

देहरादून, 11 दिसंबर (एजेंसी)। देहरादून में ढाई दिन की बच्ची का दून अस्पताल में देह दान किया गया। हृदय संबंधी रोग (एसफिक्सिया बीमारी) से बच्ची का निधन हो गया था। महज ढाई दिन की बच्ची के देह दान किए जाने का यह देश का पहला मामला बता रहे हैं। चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची को हृदय संबंधी रोग थी, जिसके चलते आज सुबह उसका निधन हो गया। बच्ची के पिता राम मिहर हरिद्वार में एक फैक्ट्री में कार्यरत हैं। मिली जानकारी के अनुसार हरिद्वार के डॉ राजेंद्र सैनी ने परिवार को देह दान के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद परिवार ने दधीचि देह दान समिति के मुकेश गोयल से संपर्क किया। समिति के माध्यम से आज सुबह बच्ची का देह दान किया गया। देश में इतनी कम उम्र में देह दान का यह पहला मामला बताया जा रहा है। बच्ची के अंगों को दून मेडिकल कॉलेज के म्यूजिम में रखा जाएगा। जो वर्षों तक यहां संरक्षित रहेगा और लोगों को देह दान के प्रति जागरूक किया जाएगा। बच्ची का नाम समिति ने सरस्वती रखा है। पिता राममेहर की मौजूदगी में मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग को सौंपा गया। चिकित्सकों के मुताबिक देश में यह पहला अवसर है, जब मात्र ढाई दिन की उम्र में ही किसी दिवंगत बच्चे का देहदान किया गया है।

चेयरपर्सन के निरीक्षण से बढ़ी बेचैनी, धरने पर बैठे सफाईकर्मी

▸ मांगें पूर्ण होने तक कर्मियों ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

मुजफ्फरनगर,11 दिसम्बर (बु.)। सफाई कर्मचारी संघ नगर पालिका के पूर्व पदाधिकारियों ने चेयरपर्सन के वार्डों के निरीक्षण में मिल रही खामियों को लेकर नगरपालिका प्रशासन पर उत्पीड़न किए जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए टाउनहाल में मोर्चा खोल दिया है। इस मुद्दे को लेकर बुधवार को सफाई संघ के पदाधिकारियों ने सफाई कर्मियों संग पालिका में धरना दिया। सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने सात दिसम्बर को चेयरपर्सन और ईओ के नाम सौंपे पत्र में निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मियों और नायकों के इस बीच गैरहाजिर रहने पर उत्पीड़न करने के आरोप लगाए।

सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले संपन्न धरने पर पदाधिकारियों के आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन ने उनके इस पत्र पर कोई संज्ञान नहीं लिया, जिस कारण से बुधवार में पूर्व पदाधिकारी और सफाई कर्मचारी धरने पर बैठने को विवश हुए। उन्होंने कहा कि वार्डों में सभासद के परिजन भी सफाई कमियों पर रौब गांठते हैं और काम बताते हैं। इससे उनका मानसिक उत्पीड़न भी हो रहा है। वहीं आउटसोर्स कर्मियों का वेतन दो माह से नहीं दिया गया। सफाई कर्मचारी संघ कार्यकारिणी का कार्यकाल भी बीते 18 नवम्बर को पूर्ण हो चुका है, ऐसे में नई कार्यकारिणी का चुनाव कराया जाये, लेकिन उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। इससे पहले भी संयुक्त सफाई कर्मचारी ने 21 सूत्रीय मांग पत्र दिया था, लेकिन उस पर कोई कदम नहीं उठाया गया। धरने पर बैठे कर्मियों ने मांग की कि कार्यवाहक सफाई नायक वीरेन्द्र को उनके मूल पद सफाई कर्मचारी पर भेजने का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसे वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने इस निर्णय की निंदा करते हुए कहा कि सफाई नायक निरीक्षण पर ड्यूटी पर उपस्थित रहा, लेकिन फिर भी उसके विरुद्ध कार्यवाही कर दी। पूर्व अध्यक्ष चमनलाल डिंगान ने बताया कि संयुक्त रूप से निर्णय लिया गया है कि कार्य सुचारू रखते हुए प्रतिदिन 11 से 2 बजे तक टाउनहाल परिसर में कर्मचारी धरना देंगे। इस दौरान राजेश उटवाल, मदन लाल, राजू वैद, मिलन बिडला, दीपक गहलोत, सूरज प्रकाश, दीपक कुमार, गौरव कुमार, राजेश कुमार, राजकुमार बेनीवाल समेत अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

शाहपुर के युवक की पुणे में स्टंट करते हुए मौत

शाहपुर, 11 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के मौहल्ला दरबार निवासी 20 वर्षीय शाहबाज की महाराष्ट्र के पुणे में कुएं में स्टंट करते हुए मौत हो गयी। शाहपुर के मौहल्ला दरबार निवासी तहसीम का 20 वर्षीय पुत्र शाहबाज मेलों में लगने वाले मौत के कुएं में बाइक चलाने का कार्य करता है। पिछले कई महीने से वह मेलों में काम करने के लिए गया हुआ था। वर्तमान में शाहबाज महाराष्ट्र के पुणे में चल रहे मेले में मौत के कुएं में बाइक चला रहा था। बाइक चलाने के दौरान स्टंट करते हुए वह घायल हो गया। घायल को अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर घर पर कोहराम मच गया। शव गुरुवार को घर पर पहुंचेगा। स्वजनों के अनुसार शाहबाज कई वर्षो से मेलों में काम करता था। वह अलग-अलग स्थानों पर जाकर कार्य करता था।

कर्मठ व निष्ठावान भाजपाइयों को दरकिनार कर चरण वंदन करने वालों को खतौली नगर अध्यक्ष न बना दे भाजपा

खतौली, 11 दिसम्बर (बु.)। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बनने की दौड़ में शामिल महारथियों द्वारा जहां अपने-अपने पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के अभियान में तेजी आ गयी है, वहीं भावी नगर अध्यक्ष की कतार में जुटे भाजपाईयों द्वारा पार्टी हाईकमान के नेताओं के दरबारों में चरण वंदना का दौर भी शुरू हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा हाईकमान द्वारा भाजपा नगर मण्डलों के संगठन चुनाव की प्रक्रिया को हरी झण्डी मिलते ही नगर क्षेत्र में भावी भाजपा मण्डल अध्यक्ष के चुनाव की सरगर्मी सुनाई देने लगी है। खतौली नगर मण्डल अध्यक्ष पद हेतु अनेक नामों की चर्चाएं अब जोर-शोर से सुनाई देने लगी है। प्रत्येक भावी महारथी जहां अपने -अपने भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में ऐडी-चोटी का जोर लगाकर जुटा हुआ है, वहीं भावी नगर अध्यक्ष होने का दावा ठोक रहा है। भाजपा नगर अध्यक्ष पद हेतु मची इस जंग से नगर भाजपा में अनेक खेमे जहां दिखाई देने लगे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर भाजपा के उन कर्मठ व निष्ठावन भाजपाईयों को दरकिनार किया जाता नजर आ रहा है तो तत्कालीन भारतीय जनसंघ पार्टी से लेकर वर्तमान भाजपा संगठन के प्रति सदैव मील का पत्थर साबित रहे हैं तथा वर्तमान भी संगठन के प्रति समर्पित बने हुए हैं। चर्चा है कि भावी नगर अध्यक्ष पद की इस दौड़ में जहां अनेक ऐसे निष्क्रिय व चर्चित नामों की चर्चा सुनाई पड़ रही है, वहीं कई भावी उम्मीदवारों में अन्य दलों से पाला बदलकर भाजपा में शामिल होने वालों के नाम भी चर्चा में बने हुए हैं। यह तो भविष्य ही बताएगा कि भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष का ताज किसके सिर बंधेगा, परन्तु नगर की ज्वलंत मूलभूत जन समस्याओं के निवारण हेतु नगर के भाजपा नेताओं द्वारा बरती जा रही उदासीनता पार्टी के लिए हानिकारक साबित हो रही है, जिसका जीता जागता उदाहरण गत पालिका चुनाव के साथ लोकसभा व विधानसभा चुनाव में मोदी लहर में भाजपा को मिली करारी हार के रूप में दिखाई दिया।

वेस्ट टू वंडर पार्क में वाहन देख भड़की चेयरपर्सन

मुजफ्फरनगर,11 दिसम्बर (बु.)। चेयरपर्सन ने पालिका की बेपटरी व्यवस्था को सुधारने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच बुधवार को कम्पनी बाग से लेकर टाउनहाल परिसर और पालिका कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कम्पनी बाग में जहां कार्य की शिथिलता से वो नाराज दिखाई दी, वहीं टाउनहाल में बनाए वेस्ट टू वंडर पार्क में वाहन पार्किंग देखकर वो भड़क गई। यहां उन्होंने पालिका अफसरों को पार्किंग व्यवस्था बनाने के लिए कंडम और बड़े वाहनों को हटाने के साथ पीर के सामने नई पार्किंग बनाने के निर्देश दिए।

पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बुधवार सवेरे कम्पनी बाग में कराई गई साफ सफाई व अन्य कार्यों की प्रगति का सच जाना। यहां पर उन्होंने सबसे पहले सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने बाग की देखरेख में लगाए मालियों की हाजिरी चैक की तो उपस्थिति पंजिका में इस बीच किसी की हाजिरी दर्ज नहीं मिली। इसके लिए उन्होंने मालियों की देखरेख के लिए यहां कार्यरत कर्मी विनोद कुमार को बुलाकर फटकार लगाते हुए जवाबदेह बनने के लिए भी कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसा मिला, तो उनका वेतन रोके जाने के साथ विभागीय कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उन्होंने मोर्निंग वॉकर्स महिला एवं पुरुषों के साथ बातचीत करते हुए यहां की समस्याएं सुनी। उन्होंने कम्पनी बाग में सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए सात दिन का समय दिया था, जिसमें समय समय पर वो निरीक्षण कर रही हैं। इसके बाद पालिका मुख्यालय टाउनहाल पहुंची चेयरपर्सन ने पूरे परिसर का भ्रमण करते हुए यहां की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वेस्ट टू वंडर पार्क में दो पहिया वाहनों की पार्किंग को देखकर वो खूब नाराज हुई और एनएसए डॉ. अतुल कुमार को निर्देश दिये कि पार्क में कोई भी वाहन खड़ा नहीं होगा। साथ ही टाउनहाल परिसर में वाहन पार्किंग के लिए नई व्यवस्था बनाने के लिए वहां पर खड़े कंडम वाहनों को हटाने और बड़े वाहनों की भी पार्किंग बंद कराने के निर्देश दिए। साथ ही टाउनहाल परिसर में स्वच्छता पर खास ध्यान देने व तीन में केवल एक मुख्य गेट झांसी की रानी वाला खुला रखने के लिए कहा।

इन्होंने कहा-चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि आज कम्पनी बाग व टाउनहाल परिसर का निरीक्षण किया है। कंपनी बाग में कार्य प्रगति बेहद धीमी मिलने पर इसे लेकर दिशा निर्देश देने के साथ चेतावनी दी गई, वहीं टाउनहाल में पार्क में ही वाहन पार्क किये जा रहे हैं, जिसे बंद कराते हुए पीर के सामने से कंडम वाहन हटवाते हुए वहां पार्किंग स्थल बनाने के लिए कहा है। कंडम वाहन यहां से हटवाकर कम्पनी बाग भेजे जायेंगे, वहीं पर तमाम ऐसे वाहन व सामग्री एकत्र कराई गई है, जिसकी बाद में नीलामी होगी।

पागल बनकर भरे बाजार बुजुर्ग की जेब से पैसे कर दिये साफ

मुजफ्फरनगर, 11 दिसम्बर (बु.)। 70 वर्षीय विकलांग रिटायर्ड मा. सुरेश चंद शर्मा निवासी जसवंतपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक बुजुर्ग ने मंगल बाजार के दौरान उनकी जेब से पैसे साफ कर दिये। जितनी देर में बुजुर्ग अपने साथ हुई घटना को समझ पाते, उससे पहले ही चोर घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना दिन मंगलवार को शाम 6 बजे की बताई गयी है। पूरा मामले कैमरे में कैद होने के बाद थाना सिविल लाइन स्टेडियम चौकी पुलिस ने वीडियो फुटेज निकलवाकर पीड़ित विकलांग मा. सुरेश चंद से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उक्त वीडियो में चोर साफ दिखाई दे रहा है।

पालिका चपरासी के खाते से उड़ाए 2.85 लाख

▸ कर्मियों ने बैंक में की पड़ताल, मैनेजर से शिकायत ▸ पूर्व में दो कर्मियों के खाते से साफ हो चुके 13 लाख रुपए ▸ पीएफ खाते से रकम निकलने पर उठे कई सवाल, चर्चा शुरू

मुजफ्फरनगर,11 दिसम्बर (बु.)। पालिका जलकल विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मी के पीएफ खाते से 2.85 लाख रुपए शातिर अंदाज में साफ होने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। मामले की जानकारी मिलने पर स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ पदाधिकारियों ने पीड़ित कर्मचारी के साथ बैंक पहुंचकर शाखा प्रबंधक के समक्ष नाराजगी जताई और ईओ के नाम बंधक रहने वाले पीएफ अकाउंट से पैसे कटने पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की। शाखा प्रबंधक ने जांच कराई तो कई बार कर्मचारी के पीएफ अकाउंट से यह रकम दूसरे किसी अन्य खाते में ट्रांसफर होने की जानकारी सामने आई।

पालिका के जलकल विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मौ. इसरार का पीएफ खाता कोर्ट रोड प्रकाश चौक स्थित यूनियन बैंक में है। इसरार ने पालिका में कर्मियों को बताया कि उसके पीएफ खाते से पैसा कटने के कई मैसेज उसके पास आए हैं। पीएफ खाता ईओ के नाम बंधक है और वो फ्रीज किया जाता है ऐसे में उससे पैसा कटने की बात सुनकर सभी चौंक गये। स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह अन्य कर्मियों व पीड़ित चपरासी इसरार को लेकर यूनियन बैंक पहुंचे। शाखा प्रबंधक के समक्ष कर्मचारी की समस्या को रखा। ओमवीर सिंह ने बताया कि वहां जांच में पता चला कि इसरार के पीएफ खाते से 2.85 लाख रुपये की रकम अलग अलग दिनों में ट्रांजक्शन करते हुए किन्ही अज्ञात ठगों द्वारा निकाली गई। यह रकम यूपीआई की गई है। ओमवीर का कहना है कि पीएफ खाता बंधक रहता है और फ्रीज किया जाता है। यह अकाउंट यूपीआई से लिंक भी नहीं किया जा सकता है तो ऐसे में पैसा कैसे ट्रांसफर हो गया। उन्होंने पीड़ित कर्मी इसरार की ओर से शाखा प्रबंधक को जांच कराकर रकम वापस कराने की मांग के साथ शिकायती पत्र सौंप दिया। शाखा प्रबंधक ने जांच करते हुए इसमें कार्यवाही करने और बैंक की ओर से पुलिस में शिकायत की बात कही है। कर्मी का पैसा वापस दिलाने का भरोसा दिया है। यदि पैसा वापस नहीं होता है कि हम बैंक के खिलाफ शिकायत देंगे। चपरासी इसरार के पीएफ खाते से जून 2024 से पैसा निकाला जा रहा है, इस की जानकारी कुछ दिन पहले उसे मिली थी। इससे पूर्व पालिका के सुपरवाइजर नदीम के पीएफ खाते से 5 लाख और चपरासी रामेश्वर के खाते से 8 लाख रुपये की रकम साफ कर दी गई थी। इसकी शिकायत बैंक से करने के बाद दोनों कर्मचारी का पैसा खाते में वापस कराया गया था। इस दौरान ओमवीर सिंह, महासंघ मंडल अध्यक्ष मौहम्मद सालिम, शाखा महामंत्री विकास शर्मा, कैलाश नारायण, आईटी ऑफिसर प्रियेश कुमार भी इस बीच चपरासी इसरार के साथ में मौजूद रहे।

यूपी: घोषित हुई परिषदीय विद्यालयों में छमाही परीक्षा की तारीखें, 30 दिसंबर को बंटेगा रिजल्ट

लखनऊ, 11 दिसंबर (एजेंसी)। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में छमाही परीक्षा का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। इसके अनुसार कक्षा एक से आठ तक के छात्रों की छमाही परीक्षा 23 से 28 दिसंबर के बीच (किसी एक दिन में) आयोजित की जाएंगी। 29 दिसंबर तक कॉपियों का मूल्यांकन व 30 दिसंबर को परीक्षाफल जारी कर, प्रगति रिपोर्ट वितरित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय की ओर से परख राष्ट्रीय सर्वे व प्रदेश स्तर पर निपुण एसेसमेंट टेस्ट (नैट) के आयोजन की वजह से इस बार छमाही परीक्षाएं अपेक्षाकृत थोड़ी देर से हो रही हैं। प्रदेश के 1.33 लाख परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे 1.52 करोड़ छात्र इस परीक्षा में शामिल होंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने बुधवार को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि जिला स्तर पर समय-सारिणी व निर्देश 14 दिसंबर तक भेजे जाएंगे। परीक्षा के लिए डायट के माध्यम से बीएसए मॉडल प्रश्न पत्र तैयार करके बीईओ को उपलब्ध कराएंगे। बीईओ इसे विद्यालय स्तर पर पहुचाएंगे। विद्यालयों में ब्लैक बोर्ड व प्रश्नपत्रों की फोटो कॉपी कराकर छमाही परीक्षा कराई जाएगी। कक्षा एक की छमाही परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो व तीन में लिखित व मौखिक दोनों परीक्षा होगी। यह 50-50 नंबर की होगी। वहीं कक्षा चार व पांच में लिखित व मौखिक दोनों परीक्षा होगी। यह 70-30 नंबर की होगी। बेसिक शिक्षा विभाग के उप शिक्षा निदेशक डॉ. संजय उपाध्याय ने कहा है कि कक्षा छह से आठ की पूरी परीक्षा लिखित होगी। छमाही परीक्षा में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय सवाल होंगे। परीक्षा ढाई घंटे की होगी। उन्होंने कहा है कि परीक्षा के साथ-साथ मूल्यांकन का कार्य भी जारी रहेगा। परीक्षा परिणाम जारी करने के दिन छात्र-अभिभावक बैठक करके जानकारी दी जाएगी। परीक्षा के लिए जिलों के बीएसए व प्रधानाध्यापक जिम्मेदार होंगे।

जिला जज, डीएम-एसएसपी ने परखी कारागार की व्यवस्था

जेल बंदियों को मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

मुजफ्फरनगर,11 दिसम्बर (बु.)। सर्द हवाओं व सुरक्षा समेत अन्य सुविधाओं की समय रहते उपलब्धता का सच जानने की खातिर जिला न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार द्वितीय, डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी अभिषेक सिंह ने जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बीच अधिकारियों ने जिला कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर का निरीक्षण करते हुए कारागार अधीक्षक को विशेष सफाई एवं बंदियों को मेन्यू के हिसाब से ही गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस बीच अधिकारियों ने पुरुष एवं महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

जिला कारागार परिसर के साथ कार्यालय का निरीक्षण करते हुए आलाधिकारियों ने अभिलेखों के रखरखाव व मुलाकाती रजिस्टर का अवलोकन किया। सुरक्षा की दृष्टि से जिला कारागार में लगी जैमर प्रणाली व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया। इसके बाद अधिकारियों ने कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में तमाम जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि मरीजों के इलाज में इस बीच किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। अधिकारियों ने यहां जिला जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराएं। वहीं शातिर बंदियों पर कड़ी निगरानी रखे, जेल परिसर के अंदर कोई प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाये और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। इस दौरान एसएसपी अभिषेक सिंह ने ड्यूटी पर जिला कारागार में तैनात पुलिस बल को जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

पत्नी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर हमला कर घायल किया

शाहपुर, 11 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के मौहल्ला गड़रियान निवासी बंटी ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका छोटा भाई नवीन मेन बाजार में सिकंदर की दुकान पर कार्य करता है। मंगलवार की शाम नवीन की पत्नी बाजार में सामान लेने आई थी। इसी दौरान मौहल्ला मंगलापुरी मंडी निवासी शहजाद ने नवीन की पत्नी के साथ छेड़छाड़ की। नवीन की पत्नी ने घटना की जानकारी नवीन को दी, जिस पर नवीन ने फोन पर शहजाद को भला बुरा कहा। इस पर शहजाद ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए देख लेने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद शहजाद अपने साथी गुलनवाज व रिहान को लेकर उसकी दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडे व सरिये से नवीन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और नवीन को छुड़ाया। गंभीर घायल नवीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के सांप्रदायिक रूप लेने के बाद इस संबंध में योग संस्थान बघरा के संस्थापक स्वामी यशवीर महाराज ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अतुल की खुदकुशी से उठा दहेज कानून के दुरुपयोग का मुद्दा, हर साल आते हैं कितने फर्जी केस?

नई दिल्ली, 11 दिसंबर (एजेंसी)। बीते दिनों बंगलूरू में हुई एक घटना इस वक्त देश भर में चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां सोमवार को आईटी पेशेवर अतुल सुभाष ने अपनी अलग रह रही पत्नी द्वारा कथित उत्पीड़न का हवाला देते हुए आत्महत्या कर ली। उन्होंने 24 पन्नों का एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें अपनी पत्नी के साथ-साथ ससुराल वालों के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए। सुभाष के मामले ने दहेज कानून के दुरुपयोग पर बहस शुरू कर दी है। मंगलवार को देश की सर्वोच्च अदालत ने दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग पर चिंता जताई। बंगलूरू में आईटी पेशेवर की आत्महत्या का मामला क्या है? सुप्रीम कोर्ट ने दहेज कानूनों के दुरुपयोग पर क्या चिंता जताई है? देश में दहेज कानून क्या हैं? कानून के दुरुपयोग के बारे में आंकड़े क्या कहते हैं? बंगलूरू में एक निजी फर्म के 34 वर्षीय उपमहाप्रबंधक अतुल सुभाष ने सोमवार को आत्महत्या कर ली। वह मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले थे और काम के सिलसिले में बेंगलुरु में रहते थे। उनका ससुराल उत्तर प्रदेश के जौनपुर का था। अतुल 24 पन्नों का एक सुसाइड नोट छोड़ गए, जिसमें पत्नी, ससुराल वालों और एक न्यायाधीश पर 'आत्महत्या, उत्पीड़न, जबरन वसूली और भ्रष्टाचार के लिए उकसाने' का आरोप लगाया। अब इस मामले में अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया, साले अनुराग उर्फ पीयूष सिंघानिया और चाचा ससुर सुशील सिंघानिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह शिकायत मृतक के भाई विकास कुमार ने दर्ज कराई है जिसमें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई है। शिकायत में कहा गया है कि चारों आरोपियों ने अतुल के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया और मामले के निपटारे के लिए 3 करोड़ रुपये देने की मांग की थी। आरोप है कि अतुल ने मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया। अतुल ने 24 पन्नों के सुसाइड नोट के हर पन्ने पर 'न्याय मिलना चाहिए' लिखा है। पत्नी निकिता और ससुराल वालों के साथ-साथ सुभाष ने जौनपुर में एक पारिवारिक न्यायालय के जज पर भी उनकी सुनवाई न करने का आरोप लगाया। सुभाष ने अपने कथित उत्पीड़न को बताने के लिए एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया। इसमें परिजनों से कहा गया है कि न्याय मिलने तक उनकी अस्थियों को विसर्जित न किया जाए। नोट में चार साल के बेटे के लिए भी एक संदेश था जिसे अतुल से अलग रखा गया था। नोट में अतुल ने अपने माता-पिता को उनके बच्चे की कस्टडी देने की भी मांग की।

एक मुश्त समाधान योजना से विद्युत बकाएदारों को मिलेगा सीधा लाभ : पवन अग्रवाल

पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेगा बेहतर मौका

मुजफ्फरनगर,11 दिसम्बर (बु.)। योगी सरकार की पहल पर जिले में विद्युत के बकाएदार चल रहे उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बिजली बिल जमा कराने की खातिर एक मुश्त समाधान योजना शुरू की है, जो 3 चरणों में लागू होगी। इसमें पहला चरण 15 से 31 दिसंबर तक लागू होगा, इसमें विद्युत उपभोक्ताओं को अधिकतम ब्याज माफी का लाभ मिलेगा। यह दावा बुधवार को मीडिया से वार्ता करते हुए विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता पवन कुमार अग्रवाल ने किया। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान जैसे निजी स्कूल-कॉलेज, हास्पिटल, औद्योगिक श्रेणी के समस्त भार के उपभोक्ता लाभ ले सकते हैं। वहीं निजी नलकूप उपभोक्ताओं के लिए यह योजना पूर्व से ही लागू है।

बुधवार को एनएच-58 स्थित मुख्य कार्यालय पर मीडिया से वार्ता करते हुए विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया कि जनपद के अंर्तगत कुल पात्र बकायेदार 4.84 लाख से अधिक उपभोक्ता इस योजना का लाभ पा सकेंगे, जिन पर कुल धनराशि 511 करोड़ बकाया है। उन्होंने बताया कि यदि सरकार की इस एक मुश्त योजना का लाभ उपभोक्ताओं ने उठा लिया, तो विभाग को सरचार्ज के रूप में ही 165 करोड़ रुपए की हानि और उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए बकायेदार उपभोक्ताओं को खण्ड, उपखण्ड, उपकेन्द्र, कैश काउंटर, जन सुविध